JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

वर्ष : 66 ● अंक: 59 ● श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 17.01.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ : 8

आज का मौसम
अधिकतम : 22
न्यूनतम : 08
हवा में नमी : 214

## भारतमाला एक्सप्रेस वे पर अवैध तस्करी की 1060 पेटी शराब जब्त

» ट्रक से मिली अवैध शराब की कीमत 85 लाख रूपये » लूणकरणसर पुलिस ने दिया कार्रवाई को अंजाम

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** जिले के लूणकरणसर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक से 1060 पेटी पंजाब निर्मित शराब जब्त की। ज़ब्त की गई शराब की कीमत 85 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस को इनपुट मिला था कि भारतमाला सड़क परियोजना पर कालू रोड के पास एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पुख्ता होने पर इस ट्रक को रुकरवाकर जांच की गई तो प्लास्टिक के कट्टों के नीचे यह शराब मिली। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर डिप्टी नरेंद्र पूनिया और लूणकरणसर थाना अधिकारी गणेश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। पुलिस ने ट्रक में सवार दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है, जो राजस्थान के जालौर जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। तस्करों ने शराब को प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर ट्रांसपोर्ट करने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते उनका यह मंसूबा नाकाम हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर बाड़मेर के ग्राम रोहिला पश्चिम निवासी दिनेश कुमार ट्रक मालिक जालोर के चितलवाना के तेतरोल निवासी लाधूराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। यह कोई पहली बार नहीं है जब भारतमाला एक्सप्रेस वे पर अवैध शराब पकड़ी गई हो। पुलिस लगातार इस रूट पर नजर बनाए हुए हैं, क्योंकि तस्कर इसे नए रूट के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रक में सेल फार पंजाब लिखी विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 1060 पेटियां बरामद की हैं। जब्त शराब में 280 कार्टन विभिन्न ब्रांड के पव्वे 780कार्टन में बोतलें मिली हैं। अवैध शराब की इस कार्रवाई में साइबर सेल के एएसआई दीपक यादव की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से आई और इसे कहां ले जाया जा रहा था। क्या इसके पीछे किसी बड़े शराब माफिया का हाथ है? पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। लूणकरणसर थाना पुलिस ने अवैध शराब से लदा ट्रक जब्त कर ड्राइवर व कंडक्टर को किया गिरफ्तार किया है। ये शराब पंजाब में बनी और वहां से लूणकरनसर के रास्ते राजस्थान से आगे भेजने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। थानाधिकारी गणेश कुमार विश्नोई ने बताया कि डीएसटी टीम की सूचना पर गुरूवार को दोपहर लगभग साढे बाहरे बजे लूणकरणसर पुलिस ने अमृतसर - जामनगर एक्सप्रेस वे से पंजाब की तरफ से आ रहे ट्रक कालू टोल से नीचे उतर रहा था।



## महाकुंभ में राहुल-प्रियंका लगाएंगे संगम डुबकी



जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा महाकुंभ में हिस्सा लेने आ रहे हैं। दोनों नेता कांग्रेस के सेवा दल के शिविर में आएंगे। सेवादल से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया- राहुल के कार्यक्रम का शेड्यूल अभी नहीं आया है। वे संगम में स्नान करेंगे और साधु-संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। कल यानी शनिवार को योगी संगम पहुंचेंगे। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या की तैयारियों का जायजा लेंगे। महाकुंभ का आज पांचवां दिन है। चौथे दिन 30 लाख से ज्यादा भक्तों ने डुबकी लगाई। वहीं अब तक टोटल 7 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया है। लखनऊ में गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महाकुंभ को लेकर सरकार पर तंज कसा। कहा- सरकार का हर आंकड़ा फर्जी है। कुछ ट्रेनें खाली जा रही हैं। अखिलेश के बयान पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली में कहा- उनके बयान का कोई आधार नहीं है। दुनिया देख रही है कि महाकुंभ किस तरह लोगों के बीच लोकप्रिय है। देश से ही नहीं, विदेश से भी लोग पहुंच रहे हैं। अखिलेश यादव के सर्टिफिकेट की जरूरत सरकार को नहीं है।

## फरवरी माह से प्रदेशभर में शुरु होगी फार्मर रजिस्ट्री

❑ सीएम भजनलाल शर्मा ने की घोषणा

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** एग्रीस्टैक योजना की समीक्षा बैठक में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने घोषणा की कि फरवरी माह से फार्मर रजिस्ट्री प्रदेशभर में शुरू होगी। सीएम भजनलाल ने कहा कि राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर दिसम्बर में सीकर जिले से इस मिशन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था। आगामी फरवरी माह से इसे प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। सीएम भजनलाल ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। सीएम भजनलाल ने इन कैम्पों को लेकर तैयारी पूरी करने तथा तथा उपखंड स्तर पर पर्यवेक्षण एवं जिला स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सीएम भजनलाल ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कैम्पों में आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। साथ ही, इन कैम्पों में अन्य विभागों की संबंधित सेवाओं को भी शामिल किया जाए। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि एग्रीस्टैक किसान केन्द्रित समाधान उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वाकांक्षी पहल है, इससे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की शुरूआत होगी। इसके अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी।

## कोटा में कोचिंग स्टूडेंट ने किया सुसाइड


जनमार्ग न्यूज

**कोटा।** कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे एक कोचिंग स्टूडेंट ने पंखे से फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया। उड़ीसा का रहने वाला अभिजीत गिरी (18) अप्रैल 2024 से कोटा में रह रहा था। पंखे में हैंगिंग डिवाइस भी नहीं लगा हुआ था। फिलहाल सुसाइड के कारण सामने नहीं आए। कोटा में पिछले 10 दिन में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का यह तीसरा मामला है। एएसआई लालसिंह तंवर ने बताया कि गुरुवार रात को साढ़े 8 बजे सूचना मिली कि अंबेडकर कॉलोनी में जैन विला रेजिडेंसी हॉस्टल में एक जेईई स्टूडेंट ने पंखे पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। हॉस्टल मालिक राजेंद्र जैन ने बताया कि अभिजीत अप्रैल 2024 से इस हॉस्टल में रह रहा था और जेईई की तैयारी कर रहा था।

## व्हाइट हाउस पर ट्रक हमला, भारतीय को 8 साल जेल

❑ बाइडेन को मारना चाहता था, 6 महीने प्लानिंग की

जनमार्ग न्यूज



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस पर हमले की कोशिश में भारतीय नागरिक साई वर्शित कंडुला को गुरुवार को 8 साल की सजा सुनाई गई है। कुंडला ने 22 मई 2023 में किराए के ट्रक से हमले की योजना बनाई थी। उसे 13 मई 2024 को अमेरिकी संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने के आरोप में दोषी ठहराया था। पूछताछ में उसने बताया था कि वो सरकार पर कंट्रोल कर राष्ट्रपति जो बाइडेन को मारना चाहता था। इसके लिए 6 महीने से प्लानिंग कर रहा था। भारत के चंदनगर में जन्मा कंडुला अमेरिका का स्थायी निवासी था और उसके पास ग्रीन कार्ड था। न्याय विभाग के मुताबिक, इस हमले का उद्देश्य अमेरिका की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंककर नाजी विचारधारा से प्रेरित तानाशाही स्थापित करना था। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक कुंडला ने 22 मई 2023 को सेंट लुइस से फ्लाइट के जरिए वॉशिंगटन पहुंचा। शाम 5.20 बजे डलेस एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद उसने 6.30 बजे एक ट्रक किराए पर लिया। इसके बाद उसने डिनर किया और ट्रक में फ्यूल भरवाया। इसके बाद कुंडला वॉशिंगटन डीसी की तरफ बढ़ा। रात 9.34 बजे उसने व्हाइट हाउस और राष्ट्रपति पार्क की सुरक्षा में लगे बैरियर से ट्रक टकरा दिया। पहली बार टक्कर मारने के बाद उसने ट्रक को पीछे लिया और दोबारा कोशिश की।

## चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ने से भारत का निर्यात घटेगा



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सत्ता में वापसी के साथ ही चीनी निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की योजना पर काम कर रहे है। ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद चीन एशियाई बाजारों में आक्रामक तरीके से अपना निर्यात बढ़ा सकता है। इससे भारतीय निर्यातकों को रीजनल और ग्लोबल मार्केट में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसका सीधा असर भारतीय निर्यात पर होगा। इससे ग्लोबल ट्रेड पर भी जोखिम बना हुआ है।

## मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न

● राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरुआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

## सैफ अली खान पर हमले का संदिग्ध हिरासत में

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान पर घर में घुसकर हमले के मामले में मुंबई की बांद्रा पुलिस ने शुक्रवार को एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, हमले के बाद संदिग्ध सीसीटीवी में बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास नजर आया था। उसे इसी इलाके से हिरासत में लिया गया है। संदिग्ध 15 जनवरी की रात ढाई बजे सैफ के घर की छठी फ्लोर से नीचे उतरता दिखा था। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। जांच के लिए चाकू के हिस्से को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

## पूर्व पीएमओ डॉ. केएस कामरा का अनूपगढ़ तबादला

● अनूपगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिले 3 विशेषज्ञ चिकित्सक

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए बड़े स्तर के ट्रांसफर आदेश में अनूपगढ़ जिला अस्पताल को तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिली हैं। राजकीय जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर के पूर्व पीएमओ एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ मेडिसिन डॉ. केशव सिंह (केएस) कामरा, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार और एसएमओ पैथोलॉजिस्ट डॉ. अंकुर कटेवा की नियुक्ति अनूपगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में की गई है। अनूपगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति से चिकित्सा सेवाओं में गुणात्मक सुधार की उम्मीद जगी है। यह नियुक्तियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि पिछले कई वर्षों से अस्पताल में कई महत्वपूर्ण पद रिक्त चल रहे थे।

## मनन विहार कॉम्पलैक्स में राशन की दुकान में घुसे चोर

● पांच हजार नगदी सहित राशन का सामान ले गए चोर

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** सदर पुलिस थाना क्षेत्र में किरयाना की दुकान से देर रात्रि को अज्ञात चोर घरेलू सामान सहित नगदी चोरी कर ले गए। इस संबंध में पीड़िता ने सदर पुलिस थाना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनन विहार कॉम्पलैक्स में किरयाना दुकान का संचालन करने वाली मोनिका दावड़ा पत्नी अमित कुमार ने बताया कि उनकी मनन विहार कॉम्पलैक्स में दुकान नं. 182 में वह दीक्षा मिल्क डेयरी नाम से दुकान चलाती है। हमेशा की तरह रात को 10 बजे वह दुकान पर ताला लगाकर अपने घर गई थी। आज सुबह करीब 8 बजे दुकान पर पहुंची तो दुकान के ताले टूटे हुए थे। पीड़िता मोनिका दावड़ा ने बताया कि अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर दुकान में घुस गए। जब वह दुकान में घुसे तब सामान बिखरा हुआ था। अंदर सभी सामान संभालने पर पाया कि लगभग 15 हजार रूपये का सामान एवं 5000 से 5500 के बीच नगदी चोरी हुई है। 8 घरेलू सामान जैसे 1 केरेट कोल्ड ड्रिंक, घी का टीन, सिगरेट, बीडी के पैकेट एवं बॉक्स, भुजिया के पैकेट, बासमती चावल एवं दालें व अन्य राशन का सामान गायब पाया गया। इस संबंध में सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए तथा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों को पकड़ने के प्रयास में जुटी हुई है।

## पॉश इलाके में दिन-दहाड़े महिला की हत्या

● आधा घंटे घर में लूटपाट करते रहे आरोपी
● टॉयलेट के बहाने भागने की कोशिश

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** जयपुर के पॉश इलाके में हुई लूट और महिला की हत्या के आरोपियों ने पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी वारदात के करीब छह घंटे बाद टोंक से हुई। जयपुर लाने के दौरान दोनों ने भागने की भी कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश के एक-एक पैर में फ्रैक्चर भी हो गया। दरअसल, गुरुवार (16 जनवरी) शाम करीब विद्याधर नगर पुलिस को शाम 7.30 बजे एक महिला की हत्या की सूचना उन्हें मिली थी। महिला का नाम सरोज बंसल (55) था। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि घर से ज्वेलरी और कैश भी गायब था। महिला के पति ने गोविंद बंसल ने पत्नी की हत्या की जानकारी दी थी। एसएचओ राकेश ख्यालिया ने बताया कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 2 संदिग्ध बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर शाम करीब 5.30 बजे आए थे। जो करीब आधे घंटे तक घर में रुके। पड़ोस में रहने वाले एक बच्ची ने नकाबपोश बदमाशों को सरोज बंसल के घर से निकलते देखा था। बच्ची के अपने मम्मी-पापा को बताया तो उन्होंने सरोज के पति गोविंद बंसल को सूचना दी। उसके बाद गोविंद बंसल रात करीब 7.30 बजे घर पर पहुंचे तो पत्नी सरोज बेहोश मिली।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

CMYK

# जनमार्ग सिटी न्यूज

JANMARG news

श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025

3

» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रायसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीबिजयनगर

# मिनरल एक्सप्लोरेशन में एनपीईएज की तय होगी भागीदारी, 31 जनवरी तक

**❏ पोर्टल पर माइनिंग डेटा साझा करने के साथ ही तीन स्टेप का रोडमेप-टी. रविकान्त ❏ राजस्थान म्यूजियम ऑफ मिनरल्स, 82 प्रकार के मिनरल्स में से 57 का खनन ❏ देश के एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञों ने अनुभव और नवाचार किए साझा**

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सच्चे मायने में कहा जाए तो राजस्थान म्यूजियम ऑफ मिनरल्स है। देश के महत्वपूर्ण मिनरल्स के उपलब्ध डिपोजिट के आधार पर राजस्थान का अनेक मिनरल्स के क्षेत्र में तो एकाधिकार है। ऐसे में खनिज खोज कार्य को गति देना आज की आवश्यकता है। प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि भूविज्ञान, आरएसएमईटी के साथ ही जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, एमईसीएल सहित एक्सप्लोरेशन संस्थाओं द्वारा चिन्हित क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल डिपोजिट्स का अध्यतन डेटा 31 जनवरी तक पब्लिक डोमेन पर केन्द्र व राज्य की एक्सप्लोरेशन संस्थाओं के साथ ही एनपीईएज व पीईएज संस्थाएं से साझा किया जाएगा ताकि राजकीय के साथ ही निजी क्षेत्र की अधीकृत संस्थाओं की मिनरल एक्सप्लोरेशन में भागीदारी तय की जा सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने और क्रिटिकल एवं स्ट्रेटजिक मिनरल्स के मामलें में चीन सहित विदेशों पर निर्भरता समाप्त कर देश व प्रदेश को इन मिनरल्स के मामलों में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने तीन स्टेप का रोडमेप बनाने के निर्देश देते हुए पहले स्टेप में पोर्टल पर प्रमुख सचिव टी. रविकान्त गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मिनरल एक्सप्लोरेशन से जुड़े विशेषज्ञों के मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लेड, जिंक, सिल्वर, प्राकृतिक जिप्सम, वोल्सेटोनाइट, सेलेनाइट, केलसाइट आदि खनिजों के क्षेत्र में राजस्थान का लगभग एकाधिकार होने के साथ ही देश का 89 प्रतिशत पोटाश के भण्डार राजस्थान में है। उन्होंने दूसरे स्टेप की चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार के एनएमईटी और राज्य के आरएसएमईटी के माध्यम से सरकारी व निजी क्षेत्र के एक्सप्लोरेशन प्रतिभागियों की भागीदारी तय की जाएगी और तीसरे स्टेप के रुप में देश दुनिया में खनिज खोज व खनन की नवीनतम तकनीक के उपयोग और आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस का माइनिंग सेक्टर में सहभागिता सुनिश्चित करने पर कार्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोडमेप बनाकर तीनों स्टेप्स पर साथ साथ काम होगा।

टी. रविकान्त ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा 2019 में खनन नीति पर काम करते हुए सुधारात्मक निर्णय किये हैं। राजस्थान सरकार ने भी हाल ही में नई खनिज नीति और नियमों में आवश्यक प्रावधान कर सरलीकरण और पब्लिक प्राइवेट भागीदारी देने पर भी बल दिया है। उन्होंने बताया कि आज मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में केवल एक वर्ष में ही राजस्थान शीर्ष पर आ गया है।



निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि बदलता सिनेरियों में स्ट्रेटेजिक और क्रिटिकल मिनरल्स का ही है और सबसे अच्छी बात है कि राजस्थान में इस तरह के मिनरल्स के व्यापक डिपोजिट के चिन्ह मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 42 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मिनरल्स के भण्डार है जिसमें से अभी तक केवल 5 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ही खोज खनन हो रहा है। उन्होंने राजस्थान में मिनरल सेक्टर में विपुल संभावनाएं बताई।

भारत सरकार के खान मंत्रालय के निदेशक योगेन्द्र भांभू ने कहा कि क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की आवष्यकता व महत्व को देखते हुए ही देश में माइनिंग सेक्टर में रिफार्मस लाये गये हैं। हमें एक दूसरे के आइडियाज और बेस्ट प्रेक्टिसेज को साझा करना होगा।

जीएसआई के निदेशक संजय सिंह ने कहा कि आज क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की प्रोसेसिंग में चीन का एकाधिकार है। हमारे यहां अच्छे डिपोजिट्स होने के बावजूद हमें समन्वित प्रयासों से अभी काफी काम करना होगा। जीएसआई के ही निदेशक उत्तम कुमार प्रधान ने बताया कि देश का 89 प्रतिशत पोटाश के भण्डार राजस्थान में है। प्रदेश में अन्य खनिजों के भी विपुल भण्डार है।

एनएमईटी के श्र जयन्त गुप्ता ने माइनिंग एक्सप्लोरेशन में निजी क्षेत्र की भागीदारी के संबंध में आवश्यक प्रावधानों व लाइसेंस प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। भारतीय गुणवत्ता परिषद के वरिष्ठ निदेशक डॉ. एके झा ने ओनलाईन पोर्टल पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई है और प्राइवेट प्लेयर्स के लिए भी गुणवत्ता और मानव संसाधन पर खास जोर दिया गया है।

क्रिटिकल मिनरल ट्रेकर्स के निदेशक ऑपरेशन विक्रम के वाई ने मिनरल एक्सप्लोरेशन में एआई के उपयोग और उसके प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के नागपुर के पास एक्सप्लोरेशन में एआई का उपयोग करते हुए विश्लेषण किया गया है जिसके उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। आईबीएम के चन्द्रेश कुमार बोहरा ने 29 क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी तय की जा रही है। उन्होंने इसमें रेवेन्यू शेयर और रिवर्स ऑक्शन के बारे में जानकारी दी। आरंभ में भूविज्ञान विभाग के डॉ. सीपी दाधीच ने विस्तार से राजस्थान के मिनरल संपदा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपलब्द्ध 82 खनिजों में से 57 खनिजों का खनन हो रहा है।

अधीक्षण भूविज्ञानी संजय सक्सेना ने संयोजन किया। अतिरिक्त निदेशक एसएन डोडिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक आलोक प्रकाश जैन और एसजी सुशील हुड्डा ने स्वागत किया। आरंभ में टी. रविकान्त ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारियों क साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने एक स्वर में इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे माइनिंग सेक्टर के लिए सार्थक और सकारात्मक प्रयास बताया।

## आदर्श पार्क विकास समिति ने लगाए आदर्श पार्क में सीसीटीवी कैमरे

**असामाजिक तत्वों की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अनूठी पहल की**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आदर्श पार्क विकास समिति, श्रीगंगानगर द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा छात्राओं, युवतियों व महिलाओं के साथ बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाओं को देखते हुए आदर्श पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। निवर्तमान पार्षद कमल चराया ने बताया कि कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह ने आदर्श पार्क विकास समिति द्वारा आदर्श पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर कहा कि इससे असामाजिक तत्वों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने समिति के इस कदम को सराहनीय प्रयास बताया। पार्षद कमल चराया ने बताया कि समिति हमेशा जन सहयोग में आगे रहती है तथा सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है। मौहल्लावासियों द्वारा भी पार्क में रखरखाव में बढ़-चढ़कर योगदान दिया जाता है तथा असामाजिक तत्वों की बढ़ रही अवैध गतिविधियों के कारण क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से आदर्श पार्क में सीसीटीवी लगाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि असामाजिक तत्वों की गलत हरकतों से सुबह-शाम स्वास्थ्य की दृष्टि से पार्क में घूमने आने वाले लोगों को काफी असहजता तथा परेशानी का सामना करना पड़ रहा



था। सीसीटीवी कैमरा रखरखाव के लिए मुकेश गावड़ी का विशेष सहयोग रहेगा। समस्त सदस्यों ने आदर्श पार्क में कैमरे लगवाने के लिए अध्यक्ष केएल खुराना का आभार व्यक्त किया। इस अनूठी पहल पर वार्डवासी नीतू कपूर, भूषण सबरवाल, घनश्याम खत्री, कमल कालड़ा, मनीष बवेजा, मुकेश गावड़ी, सतपाल कुक्कड़, अमित चावला, नंदलाल सेतिया, योगेंद्र चलाना, राधेश्याम सेतिया, नीलू पाहुजा, श्याम जसूजा, अरविंद भाटिया, सुनील सचदेवा, ओपी जुनेजा, नीरज चावला, मुरारीलाल गक्खड़, चांद भाटिया, नीतू कपूर, शशि खुराना, जगदीश खुराना, केएल खुराना, मनीष बवेजा, भगवानदास, नीलू पाहुजा, राधेश्याम सेतिया, नंद सेतिया, राजेश जैन सहित पार्क में सैर करने आए लोगों तथा मोहल्लेवासियों ने सीसीटीवी कैमरे लगने पर खुशी का इजहार करते हुए आदर्श पार्क विकास समिति को साधुवाद दिया। इस अवसर पर आदर्श पार्क विकास समिति पदाधिकारी, सदस्य, मोहल्लावासी तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**दौलतपुरा।** ग्रामीणों के सहयोग से एक दिवसिय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रामदेव मंदिर पर हुआ जिसमें गोविंदपुरा, घड़साना, गणेश गढ़, कलरखेड़ा, भंगर खेड़ा, दौलतपुरा सहित अन्य गांवो की टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया, प्रतियोगिता की अध्यक्षता सरपंच पति सुनील बैरड़ ने की मुख्य अतिथि सीमा सुरक्षा बल के सहायक समादेष्टा एन के निराला, वरिष्ठ अतिथि बीएसएफ के संब इन्स्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद, और नायब तहसीलदार आदराम, वेद सहारण ,विजय सहारन,उग्रसेन सहारन आदि लोग मंच पर उपस्थित थे । स्कोरर युद्धवीर सिंह, राजेंद्र भंदेर हरमीत दंदीवाल, तलविंदर सिंह थे। आयोजन कमेटी के गुरी सिंह, काली सिंह, विरेन्द्रसिंह, हरदीप सिंह ने बताया कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन युवाओ को नशे से दुर रखने का संकल्प है। फाइन मुकाबला रोंचक रहा फाइनल मुकाबला नुकेंरा व दौलतपुरा की टीम के बिच हुआ जिसमें नुंकेरा की टीम विजेता रही विजेता और उप विजेता टीम को नशा मुक्त अभियान टीम की ओर से समृती चिन्ह भेट किये गये।

## लायंस क्लब उमंग कपल द्वारा कम्बल वितरण



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** लायनवाद मे रहकर सेवा के पथ पर अग्रसर निरन्तर अपनी सहभागिता निभाते हुए लायंस क्लब श्रीगंगानगर उमंग कपल परिवार द्वारा क्लब अध्यक्ष लायन राज कुमार बाघला के नेतृत्व मे क्लब टीम ने शहर के अलग- अलग स्थानो पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर रात्री के वक्त रेलवे-स्टेशन, बस स्टैंड, राजकीय चिकित्सालय व फुटपाथ पर सौ रहे जरूरतमंद व्यक्तियों को सर्दी से बचाव के लिये कम्बल वितरित किये गये। रीजन सचिव लायन गौरव गुप्ता के संयोजन मे क्लब सचिव साहिल भाटीया, कोषाध्यक्ष योगेश मक्कड़, रीजन चेयरमैन एमजेएफ लायन नरेन्द्र भठेजा, जोन चेयरमैन एमजेएफ लायन पकंज गर्ग ने इक्यावन जरूरतमंदो को क्लब सदस्यों ने आपसी सहयोग से कम्बलो का वितरण किया। सेवा के इस बेहतरीन प्रोजेक्ट के लिए रीजन बांके बिहारी के रीजन चेयरमैन एमजेएफ लायन नरेन्द्र भठेजा ने रीजन व प्रान्त की तरफ से क्लब टीम को साधुवाद प्रदान किया। क्लब अध्यक्ष राज कुमार बाघला व सचिव साहिल भाटीया ने कहा की क्लब द्वारा शीध्र ही जरूरतमंदो को कपड़ो का वितरण, नेत्र जांच शिवर व कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।

## बालकों में संस्कारों के समावेश हेतु विद्या भारती द्वारा किया जाएगा विद्यालयों का विस्तार

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** विद्या भारती, श्रीगंगानगर द्वारा सुखाडिया सर्किल रामलीला मैदान के समीप स्थित केशव कुंज कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्या भारती जोधपुर प्रांत सचिव महेंद्र दवे तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक रघुवीर ने की। इस बैठक में बालकों में सुसंस्कारों के समावेश हेतु आदर्श विद्या मंदिर विद्यालयों का विस्तार करने हेतु लीला चौक, राम नगर (पुरानी आबादी) क्षेत्र में विद्यालय का संचालन करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में तीव्र गति से फैल रही बुराइयों को रोकने हेतु संस्कार बहुत आवश्यक है। संस्कारों हेतु विद्या भारती के विद्यालय श्रेष्ठ विकल्प है। बैठक में विचार-विमर्श के पश्चात् इसी वर्ष बसंत पंचमी पर लीला चौक, राम नगर (पुरानी आबादी) में आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय शुरू करने का निर्णय लिया गया तथा विद्यालय व्यवस्थापक का दायित्व संदीप रस्तोगी को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला व्यवस्थापक अशोक अग्रवाल, जिला सचिव मदन बिश्नोई, जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी, विद्यालय व्यवस्थापक संदीप रस्तोगी, मनोज चनाणी, प्रवीण भठेजा, सुरेन्द्र चनाणी, अनिल सरावगी, नवल किशोर शर्मा, गुरीराम, सुरेन्द्र शर्मा, अभिषेक ग्रोवर, राजीव बंसल, सतीश गौतम, आशीष राठौड़, यमन चमडिय़ा, रवि सिंह, डॉ. भगवान दास, नवनीत, जगदीश प्रसाद, जय सिंह, कार्यालय प्रमुख रविन्द्र गुप्ता सहित विद्या भारती पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**बैठक में बसंत पंचमी पर्व पर राम नगर (पुरानी आबादी) में आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय का संचालन करने का लिया निर्णय**

## जीजी नहर में पानी चोरी व रेगुलेशन पर संगम अध्यक्षो ने की मीटिंग



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** जीजी नहर के वितरिका अध्यक्ष लाभ सिंह की अध्यक्षता के नेतृत्व में गुरुवार को डब्लूयुए चूनावढ़ में जीजी नहर के सभी अध्यक्षों की मीटिंग हुई, जिसमे जीजी नहर के सभी किसान साथियों ने भाग लिया, नहर में पानी चोरी व रेगुलेशन पर चर्चा की गई और साथ नई बनी डब्लूयुए ऑफिस का उद्घाटन लाभसिंह, भुवनेश बत्रा के कर कमलों द्वारा किया गया, साथ ही सभी अध्यक्षों ने महाराजा गंगासिंह को माल्यार्पण किया, कृष्णलाल सिडाना, टहल सिंह, मोहन लाल खेरवा, परमजीत सिंह, गुरमेल सिंह, जसविंदर सिंह, जगतार सिंह, साहबराम ढाका, धर्मेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में 400 विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट वितरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय नं. 5 पुलिस लाईन में शिवप्रसाद शाह चैरीटेबल ट्रस्ट श्रीगंगानगर के तत्वावधान में 400 विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट वितरित की गई तथा विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। स्टेशनरी किट वितरण में सराहनीय सहयोग ट्रस्ट के निदेशक मुकेश शाह एवं सुरेश शाह का रहा जिन्होंने शिक्षा की अलख जगाने व प्रतिभाओं को निखारने हेतु शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। मुख्य अतिथि ट्रस्ट के प्रतिनिधि सेवानिवृत्त अध्यापक पवन जैन थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने की। विशिष्ठ अतिथि शुभम जैन, जगीरचन्द फरमा, इन्दूभूषण चावला थे। मंच संचालन मनीभद्र व रघुवीर जांदू ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया गया।



प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने शिवप्रसाद शाह चैरीटेबल ट्रस्ट के निदेशक मुकेश शाह व सुरेश शाह का विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने़ हेतु प्रेरित करने पर धन्यवाद व आभार प्रकट किया तथा शिक्षा की अलख जगाने व विद्यार्थियों को हर संभव सहायता के लिए शिक्षा के मंदिरों में बाल गोपाल को स्टेशनरी किट वितरित करनेपर उनके प्रतिनिधि पवन जैन व शुभम जैन का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे अधिक शक्तिशाली साधन है। शिक्षा द्वारा ही समाज में वास्तविक परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसा सेवा कार्य ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है जो एक अनुकरणीय सेवा कार्य है।

मुख्य अतिथि पवन जैन ने ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के लिए किए जा रहे सेवा कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा इस सत्र में 38 विद्यालयों में स्टेशनरी किट वितरित की गई है जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति लगन व रूचि पैदा हो। बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा पैदा हो। बच्चे अच्छे इंसान बने, अच्छे नागरिक बने, बच्चों में विद्यमान उत्तम शक्तियों का उम्र के अनुसार प्रगट होने देने की अनुकूलता प्राप्त हो। हमें तो सिर्फ उन्हें विकसित होने में मदद देनी है। स्वामी विवेकानन्द की यह बात मेरे अचेतन में विद्यमान रही थी कि-प्रत्येक बालक में दिव्यता मौजूद होती है। इसदिव्यता का प्रगटीकरण शिक्षा के द्वारा होता है। ट्रस्ट छात्रों की इसी शक्ति को जगाना चाहती है तथा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन कर शिक्षा की अलख जगा रही है। शुभम जैन ने ट्रस्ट की ओर से सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## हेल्प इंडिया फाउंडेशन राजस्थान ने बांटी स्कूलों आंगनवाड़ी केंदों पर 90 जर्सियां



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** समाजसेवी संस्था हेल्प इंडिया फाउंडेशन राजस्थान द्वारा हिंदुमलकोट क्षेत्र के सरकारी स्कूलों व आंगनवाड़ी केंदों पर 90 जर्सियां व जुराबें वितरित की, संस्था के सचिव संजीव नागपाल ने बताया कि सर्दी में बचने के लिए जरूरतमंद बच्चों की मदद हेतु ये पुनीत कार्य किया गया हे।क्षेत्र के गांव खाटलबाना मदेरा रेणुका,कोनी,आंगनवाड़ी केंदों पर वितरित किए।संस्था द्वारा किए गए इस नेक कार्य की सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों द्वारा सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।इस मौके पर कोनी चौकी प्रभारी गुरदेव सिंह,संस्था अध्यक्ष विनोद राजपूत,संजीव नागपाल,विकास झोरड़, विनोद धारणिया, रोहित मिढ़ा,सुरेंद्र पटीर, गोगी सिंह,पाला राम, रामस्वरूप मिढ़ा,रामप्रकाश मजोका,राजकुमार राजपाल,धर्मवीर झोरड़,सुभाष नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

CMYK

बच्चों, तुमने अपने घर के आस-पास या चिड़ियाघर में अलग-अलग आकार-प्रकार और रूप-रंग वाले पक्षी देखे होंगे। वैसे तो सभी पक्षियों के शरीर पर चोंच होती है। लेकिन दुनिया में कुछ पक्षी ऐसे हैं, जिनकी चोंच बहुत अनोखी होती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में बता रहे हैं, जो अपने खास किस्म की चोंच के लिए जाने जाते हैं।



# बड़ी अनोखी होती है इन पक्षियों की चोंच

बच्चों, दुनिया में असंख्य पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुछ ऐसे पक्षी भी हैं, जिनका नामकरण उनकी चोंच के आकार के आधार पर किया गया है। यह तो तुम जानते ही हो कि चोंच को अंग्रेजी में 'बीक', 'निब' या 'बिल' कहा जाता है। जानो, कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में, जिनकी चोंच उन्हें अलग पहचान देती है।

## चम्मच जैसी चोंच वाला स्पूनबिल

चम्मच (स्पून) के आकार की चोंच के कारण इसे 'स्पूनबिल' कहा जाता है। स्पूनबिल की चोंच का आकार चपटा और चम्मच की तरह होता है। यह कम गहराई वाले जल-समूहों (जलाशयों) के आस-पास रहता है। पतले और लंबे पैरों वाले इस पक्षी को नदियों का स्वच्छ पानी और प्राकृतिक पर्यावरण ज्यादा पसंद आता है, जहां उनके लिए बड़ी मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। यह मछलियां, जलीय कीड़े-मकोड़े और छोटे मेंढक आदि खाता है। मादा स्पूनबिल एक बार में 2 से 4 तक अंडे देती है। अंडों की देखभाल नर और मादा मिलकर करते हैं। करीब सात सप्ताह में शिशु स्पूनबिल उड़ने में सक्षम हो जाते हैं। स्पूनबिल रात के अंधेरे में भी अपना शिकार ढूंढ लेते हैं। यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों से स्पूनबिल पक्षी, भारत भी आते हैं। दुनिया भर में स्पूनबिल की कई प्रजातियां पाई जाती हैं, इनमें रोजेट स्पूनबिल, रॉयल स्पूनबिल आदि शामिल हैं।



**रोजेट स्पूनबिल:** यह अमेरिका से लेकर मध्य अर्जेंटीना में पाया जाता है। दुनिया में स्पूनबिल की पांच प्रजातियां सफेद पंखों वाली होती हैं, लेकिन गुलाबी पंखों वाला यह स्पूनबिल केवल अमेरिका में पाया जाता है।

**रॉयल स्पूनबिल:** इसे ब्लैक-बिल्ड स्पूनबिल भी कहा जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह के ताजे और खारे पानी के आस-पास पाया जाता है। यह एक दलदली पक्षी है। यह मछली, शंख, केकड़े आदि खाता है। सफेद रंग के इस पक्षी की चोंच पर एक स्पैटुला होता है। *

## जूते जैसी चोंच वाला शूबिल

'शूबिल' नाम दिए जाने की वजह इसकी शू यानी जूते के आकार की चोंच है। यह चोंच करीब एक फीट तक लंबी और 5 इंच तक चौड़ी हो सकती है। इसके किनारे नुकीले होते हैं। साथ ही, सिरे पर एक नुकीला हुक भी होता है, जिसकी मदद से यह फिश, ईल और सांप जैसे जंतुओं का शिकार करता है। इसकी लंबाई लगभग इंसानों के बराबर होती है। शूबिल स्टॉर्क को दुनिया का सबसे भयानक पक्षी भी कहा जाता है, क्योंकि यह बड़े आकार के जंतुओं का भी शिकार कर लेता है। यह मुख्य तौर पर पूर्वी अफ्रीका के देशों इथियोपिया, दक्षिणी सूडान और जाम्बिया में पाया जाता है। इसे 'स्टूपिड बर्ड' यानी 'मूर्ख पक्षी' भी कहा जाता है, क्योंकि यह लंबे समय तक अपने शिकार के इंतजार में एक ही पोजिशन में स्थिर खड़ा रहता है। *





## खुली चोंच वाला ओपनबिल

इस पक्षी की चोंच आपस में मिली हुई न होकर, बीच से खुली हुई होती है, इसलिए इसका नाम 'ओपनबिल' पड़ा। इसे एशियाई चोंचखुला (ओपन बिल) या घोंघिल के नाम से भी जाना जाता है। यह बड़े आकार का पक्षी होता है। इसकी चोंच बीच में खुली होने से इसे घोंघा और अन्य छोटे जंतुओं को आसानी से खाने में मदद मिलती है। चोंच का यह खुलापन, शिशु ओपनबिल में नहीं होता, आयु बढ़ने के साथ-साथ इसकी चोंच खुलती जाती है।

ओपन बिल का शरीर भूरा या सफेद रंग का होता है और पंख और पूंछ काले रंग के होते हैं। यह मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। एशियाई ओपनबिल उथले दलदली, बाढ़ वाले कृषि क्षेत्रों, झीलों और आर्द्रभूमि में रहते हैं। *



## सींग जैसी चोंच वाला हॉर्नबिल

हॉर्न बिल की चोंच लंबी और नीचे की ओर घूमी हुई होती है और ऊपर वाली चोंच के ऊपर लंबा सींग (हॉर्न) जैसा उभार होता है। इसी वजह से इसका नाम हॉर्नबिल पड़ा। इसे 'धनेश पक्षी' भी कहा जाता है। हॉर्नबिल सर्वाहारी पक्षी है, जो फल, कीड़े और छोटे जंतु खाता है। दुनिया भर में हॉर्नबिल की करीब 62 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 9 प्रजातियां भारत के घने जंगलों और द्वीपों में पाई जाती हैं। हॉर्नबिल को ग्रेट हॉर्नबिल, ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत के अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में पाया जाता है। *

बच्चों, तुमने सुपर मार्केट या शॉपिंग मॉल में व्हील वाला शॉपिंग कार्ट जरूर यूज किया होगा। आजकल तो ये कार्ट्स छोटे-मोटे शॉपिंग स्टोर्स में भी रखे जाते हैं। क्या तुम्हें पता है, ये शॉपिंग कार्ट उपयोग में कैसे आए, जानो।

# शॉपिंग कार्ट की कहानी

बच्चों, जब तुम मम्मी-पापा के साथ किसी शॉपिंग सेंटर में जाते हो तो वहां रखी शॉपिंग कार्ट या ट्रॉली लेकर उसमें सामान रखते होगे। क्या तुम जानते हो इस शॉपिंग ट्रॉली का आविष्कार किसने किया है? इसके आविष्कार की कहानी बहुत रोचक है, जानो-

**हंप्टी-डंप्टी के ऑनर ने बनाई योजना:** बच्चों, हंप्टी-डंप्टी कोई कार्टून कैरेक्टर नहीं है। दरअसल, अमेरिका में एक ग्रॉसरी स्टोर्स की चेन का नाम था- हंप्टी-डंप्टी। उसके ऑनर सिल्वन गोल्डमैन ने नोटिस किया कि कस्टमर्स उतना ही समान खरीदते हैं, जितना वे अपने बास्केट में रख सकते हैं। बास्केट भर जाने पर वे पेमेंट करके चले जाते थे। स्टोर का ऑनर चाहता था कि लोग ज्यादा से ज्यादा समान खरीदें। इसके लिए उसने बास्केट के स्थान पर पहियों वाले शॉपिंग कार्ट रखने की योजना बनाई, जिसमें लोग ढेर सारा सामान रख सकें और स्टोर में शॉपिंग के दौरान इसे लेकर आसानी से चल सकें। साल 1937 में सिल्वन गोल्डमैन ने अपने भाई अल्फ्रेड के साथ मिलकर व्हील्स वाले शॉपिंग कार्ट का निर्माण किया।



**शॉपिंग कार्ट उपयोग करने में लोगों को होती थी झिझक:** जिस शॉपिंग कार्ट को आज लोग बेझिझक सामान रख कर चलाते हैं, शुरुआत में उस कार्ट का प्रयोग करने में लोगों को झिझक होती थी। उन्हें लगता था कि इस कार्ट में सामान रखकर चलते हुए वे अजीब दिखेंगे, इसीलिए स्टोर में शॉपिंग के दौरान कोई भी कार्ट का उपयोग नहीं करता था। *


### काम आया स्टोर ऑनर का आइडिया

स्टोर ऑनर ने कार्ट का इस्तेमाल करने में लोगों की झिझक को दूर करने के लिए एक उपाय निकाला। उसने यंग मेल और फी-मेल मॉडल्स को अपने स्टोर में नियुक्त किया। उन यंग मॉडल्स का बस इतना काम था कि वे शॉपिंग कार्ट में सामान भरकर स्टोर से आते-जाते रहें ताकि लोगों को लगे कि वे खरीदारी कर रहे हैं। इसका प्रभाव यह हुआ कि उन खूबसूरत मॉडल्स को कार्ट का इस्तेमाल करते देखकर बाकी लोग भी कार्ट का प्रयोग करने लगे। इसके बाद तो धीरे-धीरे शॉपिंग कार्ट के प्रयोग का ट्रेंड बढ़ता चला गया। आज लोग शॉपिंग करते समय इसका अधिक से अधिक उपयोग करते हैं।



नंदू, मेले में ऊंचाई वाले चकरी झूले पर बैठ तो गया, लेकिन झूला जैसे ही ऊंचाई पर पहुंच कर नीचे की ओर आता वह बुरी तरह घबरा जाता। दूसरे दिन उसके कान में सीटियां बज रही थीं। उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा, उन्होंने कान में सीटियां बजने की क्या वजह बताई?

# मेला



गांव के बाहर वाले रामलीला मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला लगा था। मेला भी ऐसा कि बस देखते ही रह जाओ। घरेलू सामान और कपड़ों से लेकर मोटर गाड़ी तक सब था। खाने-पीने की बहुत-सी सामग्री के तो नंदू ने केवल नाम ही सुने थे। सबसे गजब जो था, वह था चकरी वाला झूला। पचास फीट ऊंचा झूला रात में देखो तो लगता है जैसे रंग-बिरंगी रोशनी गोल-गोल घूम रही हो। नंदू के लगभग सभी दोस्त इस मेले में घूम आए थे, बस उसी के पापा को समय नहीं मिल रहा था। जब तक पापा घर लौटते, रात हो जाती और फिर बाहर ठंड भी तो बहुत ज्यादा रहती थी। पापा ने रविवार के दिन दोपहर में मेला चलने का वादा किया था।

नंदू बेसब्री से रविवार का इंतजार कर रहा था। उसने अपने दोस्तों के सामने सीना चौड़ा करके कहा था, 'मैं तो उस ऊंचे वाले झूले पर बैठूंगा।'

'तुझे डर नहीं लगेगा?' उसके दोस्त रोहन ने पूछा तो नंदू उसका मजाक उड़ाते हुए बोला, 'मैं कोई बच्चा हूं क्या? बड़ा हो गया हूं। मुझे डर नहीं लगता।' नंदू ने स्टाइल से बालों में हाथ फिराते हुए जवाब दिया।

रविवार को नंदू, हर छुट्टी वाले दिन की तरह जरा देर से उठा। रजाई से बाहर मुंह निकाल कर खिड़की की तरफ देखा तो बहुत उजाला नहीं दिखा। वह फिर से रजाई में घुसने वाला था कि तभी उसकी निगाह सामने लगी घड़ी पर गई तो वह उछल पड़ा, 'अरे! बाप रे! दस बज गए। आज तो मेला जाना है।' वह तुरंत रजाई से बाहर आया। देखा तो चारों तरफ धुंध ही धुंध छाई हुई थी। आंगन में लगे पौधे तेज हवा के कारण हिल रहे थे।

'पूरे कपड़े पहन कर बाहर आना। शीतलहर चल रही है। हवा कान में घुस गई तो बीमार हो जाओगे।' मम्मी ने नंदू को बिना स्वेटर कमरे से बाहर निकलते देखा तो टोका, लेकिन नंदू को कहां उनकी बात सुनने का समय था। वह तो सीधा पापा के पास गया, उन्हें याद दिलाया, 'आज आपने मेले में जाने का वादा किया था।'

'आज नहीं नंदू, फिर किसी दिन चलेंगे। आज मौसम बहुत खराब है। इतनी सर्दी में बाहर जाने से अच्छा है कि हम घर में ही रजाई में घुसे-घुसे कुछ मजेदार खेल खेलें।' पापा ने उसे समझाया, लेकिन नंदू ने उनकी एक नहीं सुनी, मेले में जाने की जिद पकड़ कर बैठ गया। आखिर पापा को उसे मेले में ले जाना ही पड़ा।

नंदू ने ठिठुरते हुए मेला घूमा। चाट खाने के बाद उसने सबसे ऊंचे वाले चकरी झूले पर बैठने की जिद की। पापा ने फिर समझाया कि ऊंचे झूले पर हवा अधिक लगेगी और बीमार होने का खतरा बना रहेगा, इसलिए वह किसी छोटे झूले की सवारी ही करे, लेकिन उसे तो अपने दोस्तों पर रौब जमाना था, इसलिए वह अड़ गया और चकरी वाले झूले पर बैठकर ही माना।

चूंकि अधिक सर्दी के कारण मेले में लोग कम ही थे और झूले पर तो और भी कम, इसलिए नंदू को लाइन में नहीं लगना पड़ा। टिकट लेकर वह झूले पर सवार हो गया। झूले पर उसके अलावा चार-पांच लोग ही थे। झूला चलना शुरू हुआ। झूला ऊपर गया तो नंदू को बहुत मजा आया, लेकिन जैसे ही वह अपनी अधिकतम ऊंचाई से नीचे की तरफ आया, नंदू का कलेजा धक-धक करने लगा। वह भारहीन अवस्था में जो आ गया था। धीरे-धीरे झूले की गति बढ़ती गई और हर चक्कर के साथ नंदू की धुकधुकी भी। ऊपर हवा इतनी ठंडी थी कि नंदू को रोना आने लगा। किसी तरह से झूला थमा और नंदू नीचे उतरा। पापा ने महसूस किया कि नंदू चुप हो गया।

अगले दिन स्कूल जाने पर नंदू को महसूस हुआ मानो उसके कान भारी हो गए हों। सीटियां-सी बज रही थीं। उसे कम सुनाई दे रहा था। दो-चार दिन महसूस करने के बाद उसने अपने पापा को बताया तो वे उसे नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉक्टर के पास लेकर गए।

'हवाई जहाज की यात्रा की थी या ऊंचे झूले पर बैठे थे?' डॉक्टर ने पूछा तो नंदू ने चकरी वाले झूले के बारे में बताया।

'इसे ईयर बैरोट्रोमा कहते हैं, जो अकसर ऊंची जगह पर हवा के दबाव में बदलाव के कारण होता है। फिलहाल बात गंभीर नहीं है, लेकिन भविष्य में ध्यान रखना। यदि ऐसी जगह पर जाना पड़े तो कान में रूई ठूंस लेना।' डॉक्टर ने हंसते हुए बताया और नंदू के लिए दवाइयों की लिस्ट बनाने लगे।

नंदू ने मन ही मन भविष्य में इतने ऊंचे झूले पर नहीं बैठने का संकल्प ले लिया था। *

# क्या थायरॉइड में भी घटा सकते हैं वजन

हाइपोथायरॉइडिज्म एक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है। इसमें थायरॉइड ग्रंथि में हॉर्मोन का निर्माण कम होता है, जिसकी वजह से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म से पीड़ित लोगों का वजन आमतौर पर तेजी से बढ़ता है। हेल्दी डाइट और डेली एक्सरसाइज के बावजूद उनके लिए वेट लॉस करना काफी मुश्किल होता है। हालांकि कुछ सतर्कता और सावधानी के साथ वजन कम किया जा सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में करीब 4.2 करोड़ लोग थायरॉइड से पीड़ित हैं। वहीं मेडिकल जर्नल 'लैंसेट' में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 11 प्रतिशत लोग हाइपोथायरॉइडिज्म का शिकार हैं। जबकि यूके में यह संख्या केवल 2 प्रतिशत और अमेरिका में 4.6 प्रतिशत है। इसका संभावित कारण देश में लंबे समय से चली आ रही आयोडीन की कमी है। समंदर के आसपास रहने वाले लोगों के मुकाबले जमीनी क्षेत्रों में रहने वालों में इसका खतरा अधिक होता है। थायरॉइड की समस्या दो तरह की होती है, एक हाइपोथायरॉइडिज्म और दूसरी हाइपरथायरॉइडिज्म। हाइपोथायरॉइडिज्म में थायरॉइड ग्रंथि में हॉर्मोन कम बनता है और हाइपरथायरॉइडिज्म में हॉर्मोन अधिक बनता है। सही समय पर इसका इलाज न मिलने पर समस्याएं बढ़ जाती हैं। थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है, जो गर्दन के सामने वाले हिस्से में वॉयस बॉक्स के नीचे होती है। ये ग्रंथि हॉर्मोन प्रोड्यूस करने, मेटाबॉलिज्म को रेगुलेट करने और सभी अंगों के ठीक से काम करने के लिए जिम्मेदार है। थायरॉइड ग्रंथि में बनने वाले आवश्यक हॉर्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करते हैं। जब इनकी कमी होती है तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। इसके कारण शरीर में अधिक कैलोरी जमा होती है और वजन बढ़ता है। हाइपोथायरॉइडिज्म में थकान और कमजोरी महसूस होती है, जिससे फिजिकल एक्टिविटी में कमी आ जाती है, जो कि वजन बढ़ने का एक कारण है। इसके अलावा हाइपोथायरॉइडिज्म में भूख ज्यादा लगती है, जिससे व्यक्ति ज्यादा खाता है। इसके कारण भी वजन बढ़ सकता है। आमतौर पर शुरुआती स्टेज में शायद ही हाइपोथायरॉइडिज्म के कोई लक्षण दिखाई देते हैं। हालांकि इसके कुछ सबसे आम लक्षणों में वजन बढ़ना, मसल्स में दर्द होना, ठंड लगना, कमजोरी, स्ट्रेस या एंगजाइटी होना और चेहरे पर सूजन शामिल है। अगर इनमें से कोई भी लक्षण दिखते हैं तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। हाइपोथायरॉइडिज्म का पता लगाने के लिए डॉक्टर ब्लड टेस्ट कराते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे वजन घटाने में मुश्किल हो सकती है। लेकिन उचित देखभाल और लाइफस्टाइल में बदलाव से वेट लॉस संभव है। इसके लिए हाइपोथायरॉइडिज्म से पीड़ित व्यक्ति को कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है, हाइपोथायरॉइडिज्म का सही इलाज। इससे मेटाबॉलिज्म फिर से सामान्य हो सकता है और वजन कम करने में मदद मिल सकती है। प्रोटीन, फाइबर और गुड फैट्स जैसे ओमेगा-3 से भरपूर डाइट लें। ये लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं और मेटाबॉलिज्म को भी बेहतर बनाए रखते हैं। रोजाना कम-से-कम 45 मिनट फिजिकल एक्सरसाइज करें। इससे कैलोरी बर्न होती है, जो कि वजन कम करने में मददगार है। हाइपोथायरॉइडिज्म की वजह से जल्द थकान महसूस हो सकती है। इसलिए पर्याप्त नींद लेना बहुत महत्वपूर्ण है। ध्यान रखें कि हाइपोथायरॉइडिज्म से पीड़ित व्यक्ति को बहुत तेजी से वजन घटाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए धीरे-धीरे और स्थिर तरीके से वजन घटाना चाहिए। हाइपोथायरॉइडिज्म में वजन कम करने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के साथ ही बैलेंस्ड डाइट लेना भी जरूरी है। इसके लिए अपनी डाइट में आयोडीन वाली चीजें शामिल करें। जैसे आयोडीन युक्त नमक, आलूबुखारा, केला और डेयरी प्रोडक्ट। हाइपोथायरॉइडिज्म में विटामिन ष्ठ की कमी से भी वजन बढ़ता है। इसलिए विटामिन डी से भरपूर फूड्स को डाइट में शामिल करें। हाइपोथायरॉइडिज्म की वजह से बढ़े वजन को कम करने के लिए सिर्फ ये जानना काफी नहीं है कि क्या खाना है और क्या नहीं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



## सही वर्ड बनाओ

बच्चों, यहां प्रत्येक चित्र के बगल में कुछ लेटर्स और नीचे लेटर्स की बराबर संख्या में ही बॉक्स दिए गए हैं। तुम इन लेटर्स को सही से अरेंज करके दिए गए बॉक्स में इस तरह से भरो कि बनने वाला वर्ड चित्र में दिए गए एनिमल या ऑब्जेक्ट का नाम हो।




## एक अलग चित्र को खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जो जोड़े में नहीं है। इस अकेले चित्र को ढूंढो।



## चन्नी सर्वसम्मति से हलवाई यूनियन के अध्यक्ष नियुक्त



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गुरुवार को अरोड़वंश बारात घर नजदीक बस स्टैंड श्रीगंगानगर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में हलवाई शामिल हुए। इस सभा की अध्यक्षता यशपाल सिंह चौहान जिलाध्यक्ष करणी सेना ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से चरणजीत सिंह चन्नी को हलवाई यूनियन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया व रमेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, राजेंद्र कुमार को महामंत्री, राकेश कुमार शर्मा को सचिव, रोशन लाल हलवाई को कोषाध्यक्ष, सोहन लाल यादव को प्रचारमंत्री, प्रधान-संरक्षक रघुवीर वर्मा को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अखिलेश मंडल, जॉनी शर्मा, विनोद शर्मा, जग्गी हलवाई को लिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी ने विभिन्न मुद्दों पर एकजुट होकर चलने के लिए सभी यूनियन सदस्यों को जागरूक किया। सभी सदस्यों द्वारा नियुक्त पदाधिकारीयो को माला पहनाकर व लड्डू बाटकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# पीलीबंगा पुलिस की कार्यशैली को लेकर नारेबाजी,थाने के आगे धरना-प्रदर्शन

### ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर हल्ला बोला

जनमार्ग न्यूज



**पीलीबंगा।** थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी-लूट की वारदातों तथा पुलिस की लचर कार्यशैली से नाराज होकर गुरूवार को ग्रामीणों ने थाने पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना लगा दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव 2 एसजीआर सहित आस-पास के ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉलीयां भरकर थाने पहुंचे व पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर हल्ला बोला।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाने के आगे धरना-प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि बीते 6 जनवरी को मनरेगा कार्य से लौट रही महिला श्रमिक पप्पी देवी व सीमा देवी से मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने कानों की बालियां छीन ली।लुटेरों ने वारदात में पप्पी देवी के कानों से सोने की बालियां इतनी बेरहमी से खींची कि उनके दोनों कान फट गए और खून बहने लगा।बदमाशों ने उनके गले का लॉकेट भी छीनने का प्रयास किया,जिससे गले पर गंभीर चोट आई। शोर मचाने पर बदमाश भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाने व घटना को कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस हवा में तीर चला रही है और पुलिस के हाथ अभी तक खाली है।ग्रामीणों का कहना है कि बदमाशों द्वारा कस्बे में अब तक कई वारदातों को अंजाम दिया जा चुका हैं।वहीं जांच पड़ताल के नाम पर पुलिस महज खानापूर्ति कर रही है।ग्रामीणों ने आरोप लगाए कि पीलीबंगा थाना पुलिस का रवैया पीड़ित प्रतिवादियों के लिए बद से बदतर होता जा रहा है।प्रदर्शनकारियों ने चैन स्नेंचिग करने वाले लुटेंरो को न पकड़ने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।सीआई और पुलिस टीम ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का खुलासा करने का आश्वासन दिया।जिस पर प्रदर्शनकारियों ने एकबारगी अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया।इस दौरान माकपा से कामरेड मनीराम मेघवाल,अनिल चौधरी,गोपाल बिश्नोई,कमला मेघवाल सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं थानाधिकारी अशोक बिश्नोई का कहना है कि दो संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले में ट्रेस कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## दलिया सेवा का समापन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र द्वारा मल मास में गत एक माह से निराश्रित गौवंश के लिए जो दलिया वितरण का अभियान चलाया जा रहा था उसका गुरुवार को समापन कर दिया गया। परियोजना निदेशक गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झवर ने बताया कि समाजसेवी धर्मचंद चांडक द्वारा पुराना बाजार में अपने हाथों से दलिया तैयार किया जाता था। ओम कच्छावा द्वारा वाहन और कुत्तों के लिए बिस्कुट संस्था को उपलब्ध करवाए गए। समापन अवसर पर संस्था के संभागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद,अमन रांका,कालूराम बिश्नोई,महेश राठी,साहिल छाबड़ा, उमाशंकर झवर और भंवर लाल चांडक उपस्थित थे। गत माह में समय-समय पर बंशीधर सोनी, पूर्णराम कारगवाल,मनोज सोमानी, प्रमेंद्र सोलंकी, सूरज मूंधड़ा आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की। संस्था अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने दलिया वितरण में आर्थिक सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का आभार प्रकट किया।

## जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर जर्सियां वितरित

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** भारतीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति श्रीगंगानगर के तत्वावधान में रविदासनगर में 47 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेट जर्सियां वितरित की गई। जर्सी वितरण में राम सिंह सोढा, जगीरचन्द फरमा, देवराज बजाज, गगन मदान, श्रीमती प्रेम मदान, रामदास बंसल, कुसुमलता अग्रवाल, अवतारसिंह मल्होत्रा, पी.सी. गर्ग, इन्दूभूषण चावला व गोल्डी पाहूजा,रजनी पुन्यानी का सराहनीय सहयोग रहा। जगीरचन्द फरमा ने इस पुनीत सेवा कार्य के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें छोटे बच्चों को



सर्दी से बचाव हेतु पूर्ण ध्यान रखना है। शीतलहर में बच्चों को ऊनी वस्त्र पहनाकर रखें, टोपी पहनाकर रखें जिससे सर्दी से बचाव हो सके। पी.सी.गर्ग ने भारतीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्दी में गर्म कपड़े पहना ही सर्दी से बचाव की मुख्य दवाई है। बच्चों को संवारना ही राष्ट्र को संवारनाहै। हमें छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखकर उन्हें सर्दी से बचा सक ते हैं। अवतार सिंह मल्होत्रा ने हस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्री विश्वकर्मा टू व्हीलर मैकेनिक श्रमिक संघ का हुआ रजिस्ट्रेशन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री विश्वकर्मा टू व्हीलर मैकेनिक श्रमिक संघ, श्रीगंगानगर का श्रम विभाग, राजस्थान सरकार, बीकानेर से विधिवत रूप से रजिस्ट्रेशन हो गया है। अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के पश्चात् प्रथम कार्यक्रम के तहत यूनियन के सदस्य टू व्हीलर मैकेनिक भारतीय मजदूर संघ के जिला अधिवेशन में शामिल हुए। यूनियन उपाध्यक्ष पवन कुमार 'बंटी मौर्य' ने बताया कि जवाहरनगर तहसील के समीप स्थित मुकेश ऑडिटोरियम में भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह ग्रेवाल की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम में श्री यादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) प्रहलाद राय टाक, प्रदेश संगठन मंत्री गोविंद जोशी, जोधपुर-बीकानेर



संभाग के सम्भाग प्रभारी (असंगठित) गौरीशंकर व्यास, श्रीगंगानगर जिला प्रभारी तथा असंगठित क्षेत्र भवन निर्माण एवं मिड डे मील के प्रदेश प्रभारी बृजमोहन पिथाणी, जिला मंत्री राजीव वर्मा, जिला संघचालक अमरचंद बोरड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सोनी, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष संजय महिपाल, नगर मंडल उपाध्यक्ष चंद्रपाल वर्मा सहित भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में श्री यादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) प्रहलाद राय टाक तथा भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने श्री विश्वकर्मा टू व्हीलर मैकेनिक श्रमिक संघ, श्रीगंगानगर अध्यक्ष अवतार सिंह सहित पदाधिकारियों व सदस्यों को यूनियन रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र सौंपा। इस पर टू व्हीलर मैकेनिकों ने खुशी का इजहार किया तथा समस्त सदस्यों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा टू व्हीलर मैकेनिक श्रमिक संघ, श्रीगंगानगर अध्यक्ष अवतार सिंह, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, रमेश नायक, उपाध्यक्ष पवन कुमार 'बंटी मौर्य', उपाध्यक्ष मनमोहन पुरी, सचिव इकबाल सिंह 'बॉबी', कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह 'जग्गा', प्रचार मंत्री केसरीचंद, संगठन मंत्री मदनलाल, कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष अश्विनी, बलजिंदर सिंह, नरेन्द्र, लेखराज, राजकुमार, तरसेम सिंह 'सेमी', शंटी असवाल, सुनील कुमार वर्मा, गोविंद राम वर्मा, संदीप सिंह, सोनू व मनजीत सिंह, सदस्यगण अजय कुमार, शंकर लाल, चंद्रमोहन 'राजू', चेतन शर्मा, सुनील स्वामी, अशोक कुमावत, सुरेंद्र कुमार, राहुल पाहुजा, रमन सेन, संजय घोड़ेला, रामकुमार, राकेश कुमार, साहिल खत्री, धर्मपाल, मनोज कुमार, जगदीप प्रसाद, बलराम वर्मा, महेंद्र कुमार, सतपाल सिंह, मनमोहन नायक सहित बड़ी संख्या में टू व्हीलर मैकेनिक उपस्थित थे।

## शिक्षा की गुणवत्ता एवं बालकों में सुसंस्कारों को लेकर हुई बैठक

### आधुनिक तकनीक के बेहतरीन उपयोग हेतु स्मार्ट बोर्ड का किया लोकार्पण

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** आदर्श विद्या मन्दिर में विद्या भारती के प्रान्त सचिव महेंद्र दवे की अध्यक्षता में विद्यालय समिति की



बैठक आयोजित की गई। व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी ने बताया कि इस बैठक में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, शिक्षा की गुणवता एवं बालकों में सुसंस्कारों हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के पश्चात् आदर्श विद्या मन्दिर में संस्कारों के साथ आधुनिक तकनीक के बेहतरीन उपयोग हेतु स्मार्ट बोर्ड का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर तकनीकी विशेषज्ञों ने स्मार्ट बोर्ड की खूबियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिओम सिंघल, रतन बगड़िया, जिला व्यवस्थापक अशोक अग्रवाल, जिला सचिव मदन बिश्नोई, कालूराम आसेरी, प्यारेलाल, उपाध्यक्ष रामप्रताप चांदोरा, व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी, प्रधानाचार्य गीता सामंत, सीताराम जलंधरा, भवानी करड़वाल, कृष्णलाल अग्रवाल, प्रमोद चौहान, रमाकांत शर्मा, संजीव सिंघल, देवेन्द्र चांदोरा, अरविंद स्वामी, यातायातकर्मी श्रीमती जया ज्याणी, जयसिंह भांभू, संजय भांभू, रामप्रताप पेंसिया, मदन गर्ग, सुरेन्द्र गोयल, सुभाष गेदर, विश्व मानवाधिकार समिति से रेणु अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से करवाया अवगत

### श्री सनातन धर्म बालिका विद्यालय तथा एसडी कॉन्वेंट स्कूल में लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व मनाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री सनातन धर्म बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा एसडी कॉन्वेंट स्कूल, श्रीगंगानगर में 12 जनवरी से 18 जनवरी तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से अवगत कराया गया। इसके साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए लोहड़ी तथा मकर संक्रांति पर्व भी धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। निदेशक श्रीमती कमलेश कटारिया ने लोहड़ी जलाकर पर्व की विधिवत शुरुआत की। बच्चों ने लोक संस्कृति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाक में शानदार प्रस्तुतियों द्वारा चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशक श्रीमती कमलेश कटारिया ने त्योहारों को मनाने के कारण बताए व इनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सबके लिए मंगल कामना की। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन, आदर्शों तथा तथा उनके आध्यात्मिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा सप्ताह के तहत बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## सड़क सुरक्षा माह के तहत चौक-चौराहों पर जागरूकता पोस्टर लगाए



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को जिला परिवहन कार्यालय के निरीक्षकों द्वारा अबोहर रोड के विभिन्न चौंक चौराहो पर जागरूकता पोस्टर लगाए गए। वरिष्ठ परिवहन निरीक्षक रामचंद्र ने बताया कि सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहन चालकों को विभिन्न माध्यमो से सड़क दुर्घटनाओ से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है जिससे कि सड़क दुर्घटनाओ को रोका जा सके। इस दौरान परिवहन निरीक्षक पवन चुघ,शविन्द्र सिंह गिल आदि मौजूद थे।

# राजस्थान पेंशनर समाज की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** राजस्थान पेंशनर समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पेंशनर समाज सभी निगमों, बोर्डों स्वायत्तशासी संस्थाओं से सेवानिवृत, केंद्र सरकार से सेवानिवृत पेंशनरों को संगठन में शामिल करेगा , केंद्र सरकार व सामाजिक सुरक्षा वाले पेंशनरों को भी अपने बैनर तले लाएगा । पेंशनर समाज के सभी भवन/ कार्यालय सेवा केंद्रों के रूप में काम करेंगे , पेंशनर समाज पंचायतों, निगमों, बोर्डों आदि के चुनावों में अधिक से अधिक पेंशनरों को उम्मीदवार बनाकर जिताने का प्रयास करेगा इसके लिए किसी दल विशेष की बाध्यता नहीं रहेगी । इनके लिए संविधान में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा ने मीटिंग के बाद जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 11 सूत्री मांगपत्र को अंतिम रूप दिया गया आयकर, रेल में पूर्व की भांति वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा बहाली एवं कोरोना



अवधि के 18 माह के महंगाई राहत जारी करने संबंधी मांगों के लिए केंद्र से मांग की जाएगी । श्री शर्मा ने बताया कि मांगपत्र की मुख्य मांगों में अतिरिक्त पेंशन 65 वर्ष से 5प्रतिशत , 70 वर्ष पर 10त75 वर्ष 15प्रतिशत देने, पंजाब की भांति दो वर्ष में एक बार एल टी सी देने, पेंशनर कल्याण बोर्ड गठित करने, पेंशनर समाज की सभी जिला एवं उपशाखाओं को निशुल्क भूमि या भवन आवंटित करवाने, आर जी एच एस में चिकित्सा एवं दवा लेने संबंधी सभी समस्याओं के निवारण, कम्यूटेंशन कटौती की अवधि कम करने, पेंशनर दिवस को राजस्थान पेंशनर समाज की सहभागिता से सरकारी स्तर पर मनाने, पेंशनरों के लिए जयपुर सहित बड़े शहरों में अलग से आवासीय कालोनी काटकर भूखंड उपलब्ध कराने तथा नगर निगम, नगर परिषद नगर पालिका क्षेत्रों हाउसिंग बोर्ड द्वारा भूखंड आवंटन में 2 से 5प्रतिशत आरक्षण देने , पुलिस की सभी सीएलजी समितियों में अनुभवी पेंशनरों को शामिल करने, सातवें वेतनमान एक जनवरी से लागू करने जबकि नकद लाभ जनवरी 2017 से दिया गया है। जनवरी 2016 से दिसंबर 2016 के बीच सेवानिवृति कार्मिकों को सातवें वेतनमान के परिलाभ देने संबंधी मांगें शामिल है ।

## भारतीय बने लगातार तीसरी बार भीम आर्मी प्रदेश महासचिव

**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** सूरतगढ़



विधानसभा क्षेत्र के गुडली पंचायत से संघर्षशील नौजवान लगातर पिछले 10 वर्षो से धरातल से जुड़कर महापुरुषों के आंदोलन को पश्चिमी राजस्थान एवं भारत पाक सीमांत क्षेत्र के साथ मारवाड़ एवं मेवाड़ सहित पूरे प्रदेश में काम कर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले सुनिल भारतीय को भीम आर्मी चीफ नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिह के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र हटवाल ने तीसरी बार प्रदेश महासचिव नियुक्त किया।

सुनिल भारतीय मजदूर परिवार से निकलकर कर गत वर्षो से लगातार बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए संघर्षरत है जिसको देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए लगातार तीसरी बार प्रदेश महासचिव नियुक्त किया इससे पहले भारतीय विभिन पदो पर जिम्मेदारी निभा चुके है ।

# कानूनी जागरूकता अभियान के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक

जनमार्ग न्यूज

**पाली।** एपीसीआर( एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स) राजस्थान चैप्टर की ओर से पूरे प्रदेश में 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत दिनांक 13 जनवरी 2025 सोमवार को मुस्लिम मुसाफिर खाना पाली में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ए पी सी आर राजस्थान के प्रदेश महा सचिव मुजम्मिल इस्लाम रिज़वी ने बताया कि संगठन की ओर से पूरे प्रदेश में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक कानूनी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहरों, गांवों, मोहल्लों और स्कूलों तथा कॉलेजों में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नागरिक अधिकारों तथा मानव अधिकारों



की जानकारी देकर जागरुक किया जाएगा। इसी के तहत ब्यावर में 9 फरवरी 2025 को एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों ने पाली कोर्ट तथा पाली के कतिपय प्रबुद्ध जनों से मुलाकातें की। बैठक में एपीसीआर, पाली के उपाअध्यक्ष अमीन गोरी, राजस्थान टीम से एडवोकेट आरिफ अली, और अब्दुल फत्ताह तथा पाली से मौलाना मुस्ताक साहब, मौलाना दानिश कफील साहब, एडवोकेट मघराज सोनी, एडवोकेट सलीम कुरैशी, एडवोकेट इस्लामुद्दीन,एडवोकेट कल्बे मोहम्मद, अब्दुल रशीद साहब अध्यापक, एडवोकेट आमीन अली, एडवोकेट इरफान छिंपा, अध्यापक इमरान अली, आमीन साहब, असलम साहब, जमील साहब, मुर्तुजा हसन, पत्रकार सादिक अली, आसिफ जॉय, अनवर अली आदि उपस्थित थे।

# व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण एवं सेल्फ हीलिंग कार्यशाला आयोजित

## ❑ कड़ी मेहनत एवं अनुशासन ही सफलता का आधार: मेजर जनरल रंजन महाजन ❑ सकारात्मक विचारों का चयन करना एवं नकारात्मक विचारों को डिलीट करना ही सेल्फ हिलिंग है : डॉ. अंजू महाजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण एवं सेल्फ हीलिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता फोर्थ बटालियन ऑफ राजपुताना राइफल से आर्मी जनरल पद से सेवानिवृत्त रंजन महाजन तथा श्रीमती डॉ. अंजू महाजन थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता रंजन महाजन ने सहज व सरल भाषा में छात्राओं को जीवन के गूढ़ रहस्य समझाते हुए अनुशासन को ही सफलता का सही आधार बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में व्यक्तित्व निखार एक आदर्श चरित्र निर्माण से ही संभव हैं। धैर्य और कड़ी मेहनत के अलावा सफलता पाने का कोई दूसरा पर्याय नही हैं। उन्होंने औरो से नही स्वयं से प्रतिस्पर्धा करते हुए बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया। सफलता के गुर सिखाते हुए कहा कि समूह में काम करना सीखें, ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। सफल होने के लिए अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारी लेना सीखें तथा अपने जीवन का स्तर हमेशा ऊंचा रखते हुए निरन्तर आगे बढ़ें।



मुख्य वक्ता स्पिरिचुअल कोच व रेकी मास्टर डॉ. अंजू महाजन ने छात्राओं को सकारात्मक विचारों का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे विचार ही हमें कमजोर या सशक्त बनाते हैं। संपूर्ण ब्रह्मांड से जो भी ऊर्जा प्रवाहित होती हैं। उनमें से सकारात्मक विचारों का चयन करना एवं नकारात्मक विचारों को डिलीट करना ही सेल्फ हीलिंग हैं। जीवन में आभार और सही ऊर्जा से स्वयं को जोडना ही ईश्वर के समीप रहने जैसा है। मेडिटेशन के अभ्यास के माध्यम से उन्होंने अपनी बात की प्रमाणिकता दिखाई तथा छात्रों को अभिप्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. पंकज लता ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए श्री आत्म वल्लभ जैन शिक्षा न्यास सचिव नरेश जैन ने मुख्य वक्ताओं सहित सबका आभार व्यक्त किया। सफल मंच संचालन डॉ. निक्की शर्मा ने किया। छात्राओं ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए अत्यंत लाभदायक बताया। इस अवसर पर छात्राओं सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बीमा क्लेम राशि का 2 लाख का क्लेम पारित किया

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** नरेश सिगची भारतीय स्टेट बैंक (31149) मैन ब्रांच में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख का क्लेम पारित किया गया। खाताधारक श्रवण भारती पुत्र हनुमान भारती,वार्ड नंबर 2 रावतसर का सड़क दुर्घटना में निधन होने पर उनके द्वारा करवाएं गए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत उनके नामिती को 2 लाख का क्लेम पारित किया गया । इस दौरान शाखा प्रबंधक सुनील स्वामी, उप प्रबंधक जसवंत सिंह,सहायक प्रबंधक मांगे राम और सीएसपी भजन लाल पंचारिया आदि मौजूद रहे। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन धन योजना में 20 रुपए के वार्षिक प्रीमियम में सुरक्षा बीमा जो 18 से 70 वर्ष की आयु तक होता है और 436 रुपए के वार्षिक प्रीमियम में जीवन ज्योति बीमा योजना जो 18 से 50 वर्ष तक की आयु तक होता है और अटल पेंशन की सुविधा भी दी जा रही है इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक अन्य जन कल्याणकारी योजना जिसमें 1000 रुपए के सालाना प्रीमियम में 20 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर भी दिया जा रहा है अत: आप सभी एसबीआई के सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध है कि भारत सरकार और भारतीय स्टेट बैंक की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठावें।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन जारी

## कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन तेज

जनमार्ग न्यूज




**हनुमानगढ़।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा 1 जनवरी 2025 से गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन और 9 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया गया गिरदावरी कार्य का बहिष्कार अब व्यापक रूप ले चुका है। संघ ने 13 जनवरी 2025 से संपूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए तहसील और उपखंड मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिलाध्यक्ष अमर दहिया और तहसील अध्यक्ष अनिल साहू के नेतृत्व में चौथे दिन भी जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष पटवारियों का धरना जारी रहा।

पटवार संघ ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की है। उनकी प्रमुख मांगों में गिरदावरी ऐप में संशोधन, पटवारियों को प्रशासनिक कार्यों में अतिरिक्त सहयोग, स्थानांतरण में पारदर्शिता, वेतनमान में सुधार और कार्यक्षेत्र में सुविधाओं की बढ़ोतरी शामिल हैं। संघ का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा।

**स्थानांतरण पर नाराजगी:** पटवार संघ के नेताओं ने जिला कलेक्टर पर आरोप लगाया है कि आंदोलन को कमजोर करने के उद्देश्य से पटवारियों के स्थानांतरण मनमाने ढंग से 70 से 100 किमी दूर कर दिए गए हैं। संघ का कहना है कि ये स्थानांतरण अनैतिक और असंवेदनशील हैं, जो पटवारियों को प्रताड़ित करने की नियत से किए गए हैं। जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया ने कहा, कलेक्टर द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश पटवारियों को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने का प्रयास है। यदि इन स्थानांतरण आदेशों को प्रशासनिक दृष्टि से निकटतम स्थान पर संशोधित नहीं किया गया, तो संघ उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की होगी। 13 जनवरी से शुरू हुए संपूर्ण कार्य बहिष्कार के तहत पटवारियों ने तहसील और उपखंड मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन शुरू किया है। धरना स्थल पर जुटे पटवारियों का कहना है कि गिरदावरी ऐप में तकनीकी खामियों के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, वेतनमान और अन्य मांगों को लेकर सरकार का उदासीन रवैया पटवारियों के आक्रोश को बढ़ा रहा है। पटवार संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया और स्थानांतरण आदेशों में संशोधन नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र रूप ले लेगा। संघ ने कहा है कि सरकार और प्रशासन को उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाना होगा, अन्यथा इस आंदोलन का दायरा बढ़ सकता है। पटवारियों के कार्य बहिष्कार के कारण जिले में गिरदावरी और अन्य प्रशासनिक कार्य ठप हो गए हैं।

# मेडिकल कैंप का आयोजन कल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगागर।** समाजसेवी अशोक चांडक ने आग्रह किया है कि उनके पोते अर्जुन चांडक के जन्मदिवस के उपलक्ष में 18 जनवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक श्रीमती चंद्रकला चांडक चैरिटेबल ट्रस्ट श्रीगंगानगर एवं फोर्टिस हॉस्पिटल मानेसर गुरुग्राम के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है व् इस कैंप में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन चांडक फार्महाउस नजदीक शिव चौक सदर थाना के पीछे किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य समस्याओं से जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है। श्री चांडक ने कहा कि इस शिविर में पंहुच रहे वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श लेकर अपने स्वास्थ्य की जाँच कराए । इस दिन फॉर्टिस हॉस्पिटल मानेसर गुरुग्राम के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपक ठाकुर, कैंसर रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर रमना जोगी मूर्ति, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टर पीयूष ओझा, सर्जिकल कैंसर के डॉक्टर विनीत कॉल, ऑर्थो एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शुभम भल्ला, मनोरोग एवं मेंटल बिहेवियर विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा अग्रवाल कैंप में रोगियों को देखेंगे तथा परामर्श देंगे। इस मौके पर श्वष्टत्न,शुगर जांच, फिजियोथैरेपी की सुविधा भी निशुल्क होगी।श्री चांडक ने क्षेत्र के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम का लाभ लें। उन्होंने कहा, यह आयोजन समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को व्यक्त करता है। जनसेवा के माध्यम से हम समाज को सशक्त बनाने का प्रयास करते रहेंगे।

# पहाड़ों पर बर्फबारी

**पटना।** उत्तर भारत के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से बिहार में ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, आज लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं, पटना में सुबह बादल थे, लेकिन दिन के साथ हल्की धूप निकली है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने आज किसी भी जिले में कोहरे का अलर्ट जारी नहीं किया है। राज्य में अगले 2 दिनों तक मौसम सामान्य रहेगा। 18 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना है।

# सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए विद्यार्थियों को जर्सियां वितरण कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि अध्यक्ष अर्जुन वधवा के नेतृत्व में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर में हुए कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गई, ताकि बच्चों को सर्दी से राहत मिल सके। इसके साथ-साथ कुक कम हेल्पर्स को शॉल भी भेंट किए गए। तत्पश्चात् समिति पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा विद्यालय के कक्षा 5, 6 व 7 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रधानाध्यापिका सुषमा शर्मा ने सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति अध्यक्ष अर्जुन वधवा, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सारडीवाल, विजय कुमार वर्मा व सचिव हरपाल सिंह का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को जर्सियां व कुक कम हेल्पर्स को शॉल वितरित करने एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने पर आभार व्यक्त किया।

अध्यक्षीय उदबोधन में समिति अध्यक्ष अर्जुन वधवा ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए तथा निष्ठा व लगन के साथ अपने कार्य को समर्पित भाव से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर व्यक्ति उच्च पद पर पहुंचकर विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन कर सकता है। सचिव हरपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा कभी भी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती तथा सोना आग में तपकर ही कुंदन बनता है। इसी प्रकार संघर्ष ही व्यक्ति निखारते हैं तथा स्वर्णिम सफलता का पथ प्रशस्त होता है। उन्होंने नैतिक शिक्षा पर बल देते हुए संस्कारी बालक बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राजेंद्र सारडीवाल ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व अनुशासन द्वारा सफलता हासिल करने का संदेश दिया। विजय कुमार ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता व गुरुजनों की आज्ञा पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, मोबाइल का कम से कम प्रयोग करने तथा नियमित रूप से अच्छी पुस्तकें पढ़ने पर बल दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति पदाधिकारी, सदस्य, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भेरूसरी निवासियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, नाजायज बारी हटवाने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** रावतसर तहसील के गांव भेरूसरी के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में चक 5 एसपीडीबी के प०नं० 116/392 के किला नंबर 21 में बने नक्के पर बंधी नाजायज बारी को हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि चक 5 एसपीडीबी में खाले का नक्का कृष्णलाल की कृषि भूमि में बना हुआ है और इस पर पानी की बारी है। लेकिन प०नं० 116/389, 116/390, 116/391 के काश्तकारों की भी बारी इसी नक्के पर बंधी हुई है, जो कि सीएडी स्कीम के नियमों के अनुसार गलत है। सरकारी नियमों के मुताबिक एक नक्के पर केवल एक मुरब्बे की बारी लगाई जानी चाहिए, लेकिन इस नक्के पर चार मुरब्बों की बारी बंधी हुई है। ग्रामीणों ने इसे अवैध बताते हुए इसे हटाने की मांग की।



ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वे इस समस्या को लेकर पिछले दो वर्षों से अधिशाषी अभियंता खंड प्रथम विभाग, सूरतगढ़ के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के एक्सईएन और अध्यक्ष द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है और रिश्वत की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से अपील की कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाए और नाजायज बारी को शीघ्र हटवाया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन उग्र आंदोलन करेंगे। इस मोके पर कृष्णलाल जाट, विजेंदर कुमार, पवन कुमार, शंकरलाल, आत्माराम, विनोद कुमार व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# 1 वर्ष से अधूरा पड़ा है भाखड़ा सिंचाई प्रणाली केएसपी नहर के कटाव का निर्माण

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** पिछले 1 वर्ष से टूटी भाखड़ा सिंचाई प्रणाली की केएसपी नहर की मरमत कर दुरस्त करवाने की मांग को लेकर आसपास के किसानों ने नहर पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर किसान सुरेंद्र कुमार भूकर ने बताया की 25 जनवरी 2024 को नहर में 15 दिनों के अंदर-अंदर 03 बार कटाव आने से किसानो के खेतो में पानी भर जाने से लगभग 50 बीघा भूमि की कनके खराब हो गई थी जिससे किसानो को भारी नुकसान झेलना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभाग के तत्कालीन अधीक्षक अभियंता शिवचरण रेगर को सुचित करने पर इसकी खानापूर्ति करते हुए मिट्टी से



भरे कटे रखवा दिए गए जो भी अब पूरी तरह से खराब हो चुके हैं जिसमें से मिट्टी निकल चुकी है और अब फिर से नहर में पानी आने वाला है और वही यथा स्थिति बनी हुई है मजबूतीकरण नहीं होने के कारण फिर से पानी आने पर कट लगने का डर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर विभाग को बार-बार सूचित भी किया जा रहा है परंतु विभाग द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेम ग्रसित एरिया होने के कारण नहर का मजबूतीकरण से निर्माण कार्य होना अति आवश्यक है। इस मौके पर ओमप्रकाश बेनीवाल, लीलाधर बेनीवाल, शार्दुलराम भादू, गुरमेल सिंह, सुरेंद्र ककड़, ज्ञान प्रकाश बिश्नोई, सोनू काकड़ आदि मौजूद थे।

# मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सनसिटी इन्क्लेव के निवासियों ने सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सनसिटी इन्क्लेव (रिचवुड विलाज) कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। निवासियों ने बताया कि कॉलोनाइजर रविंद्र सलूजा और आकाश सलूजा ने मकान विक्रय के समय बिजली, पानी, सड़क और सीवरेज जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का वादा किया था, जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने सरकार के बजट से पेयजल के लिए पानी की टंकी और ट्यूबवेल का निर्माण करवाया, लेकिन मानकों के अनुरूप बोरिंग न होने के कारण पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा पाई जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके अलावा, पानी आपूर्ति के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन भी नहीं लिया गया है, जिससे नियमित पानी आपूर्ति बाधित हो रही है। निवासियों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने श्रम विभाग की राशि जमा होने का दावा किया था, लेकिन अब श्रम विभाग से बकाया राशि जमा करने के नोटिस मिल रहे हैं। सीवरेज और नालियों की



समुचित व्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कॉलोनी की चारदीवारी टूटी होने के कारण चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। कॉलोनी में सड़क और नालियों का निर्माण भी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। निवासियों ने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन देकर नगर पालिका के अधिपत्य वाले भूखंडों को बेचकर कॉलोनी के अधूरे कार्य पूरे करवाने की मांग की थी। लोक अदालत में इस मामले पर निर्णय दिया गया था कि कॉलोनाइजर को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, अन्यथा नगर पालिका भूखंड बेचकर कार्य पूर्ण करे। इस मौके पर संजीव कुमार बिश्नोई, अनिल कुमार बिश्नोई, सुरेन्द्र शर्मा, दाऊद हुसैन, विजेंद्र शर्मा, एडवोकेट सुशील छाबड़ा सहित अन्य निवासियों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# भाखड़ा नहर में 1250 क्यूसेक पानी की मांग पर महापड़ाव दूसरे दिन जारी, वार्ता विफल

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भाखड़ा नहर में सिंचाई के लिए 1250 क्यूसेक पानी की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों से हजारों किसान गुरुवार को दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव डाले हुए हैं। किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ प्रदर्शन स्थल पर डटे हुए हैं। वे प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की मांग कर रहे हैं।

किसान नेता जगमीत सिंह बराड़ ने कहा कि अगर उन्हें समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिला, तो उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल को पकाने तक कम से कम पांच बार पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन अब तक एक भी सिंचाई नहीं हो पाई है। वर्तमान में किसानों को केवल 850 क्यूसेक पानी मिल रहा है, जो उनकी जरूरत से बहुत कम है। इस स्थिति में पानी उनके खेतों तक 28 दिन के अंतराल पर पहुंचेगा, जिससे फसल बर्बाद हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन और सरकार किसानों की मांगों को लेकर गंभीर न हुई तो 20 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट पर महा पंचायत का आयोजन होगा जिसमें हनुमानगढ़ गंगानगर क्षेत्र के किसान शामिल होंगे। किसानों और प्रशासन के बीच अब तक दो दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन यह वार्ता बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई। प्रशासन ने 1250 क्यूसेक पानी देने से साफ मना कर दिया है। इसके बाद किसानों ने आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। किसान नेताओं का कहना है कि अब वे आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। महापड़ाव में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे गोलूवाला, पीलीबंगा, सादुलशहर, संगरिया, चिश्तियां और कैंचिया से किसान पहुंचे हैं। विरोध प्रदर्शन में शामिल किसानों का कहना है कि वे अपने हक के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार और प्रशासन उनकी परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है। बीकेयू श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि 25 मार्च तक उनकी फसल को पांच बार सिंचाई की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं होता है, तो वे अपनी पूरी फसल खो देंगे। गेहूं की फसल को शुरुआती समय में पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उत्पादन में भारी गिरावट आने की संभावना है। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द समाधान किया जाए। सरकार उनकी परेशानियों को समझने के बजाय उपेक्षा कर रही है। वे पहले भी कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से अपनी मांगें रख चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उनका आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनके खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। किसान नेता अब अपने आंदोलन को और बड़े स्तर पर ले जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने यह भी कहा कि वे किसी भी स्थिति का सामना करने को तैयार हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।



# सर्दी में ठिठुरे लोग, हर तरफ कोहरा : वाहनों की स्पीड धीमी

## कुछ मीटर तक भी देख पाना हुआ मुश्किल

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ़।** गुरुवार को धुंध व घना कोहरा व ठंड लोगों को ठीठुरा रही है धुंध व घने कोहरे में कुछ मीटर दूर तक देख पाना भी मुश्किल है वाहन चालक धीमी गति से आवागमन कर रहे हैं सड़कों के खेतों में दूर तक धुंध व कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा है कड़ाके की सर्द ठंड होने से हाथ ठिठुर रहे हैं ठंड से ज्यादा परेशानी कोचिंग स्टूडेंट किसानो , अखबार बांटने वाले हाकरो, दोधी, व सब्जी व्यापारियों को बेहद परेशानी झेलनी पड़ रही है उप तहसील ग्रामीण क्षेत्र में सर्दी ने अपना कड़ा रुख दिखा रखा है क्षेत्र में इन दिनों अत्यधिक सर्दी में धुंध व कोहरे के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है ऐसे में सड़कों पर हेड लाइट जलाकर वाहन चालक चल रहे हैं। वहीं ठंड व कोहरे के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है।

# राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के विजेता देव चुघ का भव्य स्वागत



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में हनुमानगढ़ का नाम रोशन करने वाले देव चुघ का गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। जिला कलेक्टर कानाराम, प्राइवेट स्कूल-कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय और शिक्षा विभाग के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेला, जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवल, जिला शिक्षा अधिकारी सीमा भल्ला, सुनीता यादव, भारत भूषण कौशिक ने देव का अभिनंदन किया। इस अवसर पर देव की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें हनुमानगढ़ का गौरव बताया गया। जिला कलेक्टर कानाराम ने देव चुघ को सम्मानित करते हुए कहा, देव चुघ ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से हनुमानगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। कलेक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसे होनहार युवाओं को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। प्राइवेट स्कूल-कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने भी देव की प्रशंसा करते हुए कहा, देव चुघ ने पहले जिला स्तर पर, फिर संभाग स्तर पर और अब राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। यह सिर्फ देव की जीत नहीं, बल्कि पूरे हनुमानगढ़ की जीत है। तरुण विजय ने शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के संतुलन की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। देव चुघ की इस उपलब्धि ने हनुमानगढ़ के युवाओं को प्रेरित किया है। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा में लगाएं, तो वे किसी भी मुकाम तक पहुंच सकते हैं। देव की इस सफलता ने जिले के अन्य युवाओं को भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। शिक्षा विभाग के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कड़ेला, जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज जाजेवल, सीमा भल्ला ने भी देव चुघ को सम्मानित किया और उनकी सफलता को जिले के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बताया। अधिकारियों ने कहा कि देव की यह उपलब्धि यह साबित करती है कि यदि युवा अपनी क्षमता को पहचानें और मेहनत करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं।

# बसपा ने मायावती का जन्मदिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया

बसपा

## श्रीमती सुनीता देवी देहात महिला अध्यक्ष तथा श्रीमती मंजू ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**श्रीगंगानगर।** बहुजन समाज पार्टी, श्रीगंगानगर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष प्रिंसिपल भजन सिंह घारू के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री बहन कु. मायावती का 69वां जन्मदिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। बहुजन समाज पार्टी जिला मुख्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम बारूपाल, वरिठ कार्यकर्ता महेंद्र सिंह भादू तथा जिलाध्यक्ष प्रिंसिपल भजन घारू की अध्यक्षता में सादगीपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महेंद्र सिंह भादू, देवकरण नायक, परमानंद सेन, डॉ. राज मेहरा, मनोज जाटव, हीरालाल, सुरेश लुनीवाल, श्रीमती सुनीता देवी आदि वक्ताओं ने बसपा सुप्रीमो सुश्री बहन कु. मायावती की दीर्घायु की कामना करते हुए बहुजन समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उनके आदर्शों व विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बहन मायावती का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन समाज के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक प्रेरणा है। उनके संघर्ष से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम बारूपाल ने बहन कुमारी मायावती के जीवन दर्शन तथा उनके संघर्ष को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। जिलाध्यक्ष प्रिंसिपल भजन सिंह घारु ने उन्हें न्याय प्रिय तथा शोषित व वंचितों की बुलंद आवाज बताते हुए कहा कि उनके उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के शासनकाल में कानून का राज रहा एवं सर्वजन खुश थे तथा चार बार के शासन को लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सबका आभार व्यक्त करते हुए मिल-जुलकर कार्य करके पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से श्रीमती सुनीता देवी नाईयांवाला को श्रीगंगानगर देहात का महिला अध्यक्ष तथा श्रीमती मंजू नेतेवाला को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बसपा की रीति-नीति व विचारधारा से प्रभावित होकर श्रीगंगानगर शहर से श्यामसुंदर सोनी और एडवोकेट सचिन कौशल द्वारा सदस्यता ग्रहण की गई, जिनका प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम बारूपाल तथा महेंद्र सिंह भादू ने पार्टी का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के जिला तथा विधानसभा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए तथा सभी ने एक स्वर में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# जय श्री राम सेवा समिति ने मकर संक्रांति पर किया जरूरतमंदों को कंबल वितरण

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर जय श्री राम सेवा समिति ने समाजसेवा का उदाहरण पेश करते हुए बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को गरम कंबल वितरित किए। समिति के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर ठंड से जूझ रहे गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए। कार्यक्रम में विजय खत्री, राजीव मिश्रा, शशिकांत, अमित सक्सेना, कांता लाडव, प्रदीप शर्मा और डॉ. रामचंद्र बरोड सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई। समिति के सदस्यों ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर सेवा कार्य करना न केवल समाज के प्रति दायित्व निभाने का मौका है, बल्कि इससे आत्मिक संतुष्टि भी मिलती है। समिति के प्रमुख विजय खत्री ने कहा, ठंड के इस मौसम में गरीब और बेसहारा लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनका सहारा बनना और उनकी जरूरतें पूरी करना हमारा कर्तव्य है। समिति हर साल ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेती है और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करती है।

# धोखाधड़ी का मामला ग्रामीणों ने बैंक के खिलाफ किया प्रदर्शन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** गांव मुण्डा के ग्रामीणों ने टाउन जंक्शन रोड पर स्थित इंडसइंड बैंक के सामने आज जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बैंक और आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस प्रदर्शन की अगुवाई ग्रामीण पुष्पेन्द्र बैनिवाल व मनीष मक्कासर ने की, जिन्होंने धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया। पुष्पेन्द्र बैनिवाल ने आरोप लगाया कि गांव के शीशपाल और उसके पुत्र रमेश कुमार ने मिलकर उनके नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ट्रैक्टर का लोन पास करवाया। इन लोगों ने लोन की राशि खुद उठा ली, जबकि विनोद को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब जून 2024 में बैंक से कॉल आई और बताया गया कि लोन की किश्त बकाया है। विनोद ने जब बैंक में जाकर जांच की, तो पता चला कि उनके नाम से फर्जी तरीके से लोन लिया गया था। इसके बाद उन्होंने 8 जनवरी 2025 को टाउन थाने में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई। एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस देरी से नाराज होकर ग्रामीणों ने बैंक के सामने धरना दिया और न्याय की मांग की। विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर न केवल बैंक को गुमराह किया, बल्कि उन्हें और उनके परिवार को धमकियां भी दीं। आरोपियों ने कहा कि अगर उन्होंने इस मामले में कोई कदम उठाया, तो उनका और उनके परिवार का शोषण किया जाएगा। जिला परिषद डायरेक्टर मनीष मक्कासर ने इस मामले को एक बड़े धोखाधड़ी नेटवर्क से जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह घटना उन शातिर आरोपियों की साजिश का हिस्सा है, जो बैंकों को गुमराह करके पैसे हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। मक्कासर ने इस प्रकरण की गहराई से जांच की मांग की ताकि दोषियों को सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# गर्म दूध लंगर व कम्बल तथा गर्म कपड़ों के वितरण की सेवा निरंतर जारी



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर** गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारन साहिब श्रीगंगानगर के तत्वावधान में गर्म दूध मट्ठी बिस्कुट के लंगर एवं कम्बल तथा गर्म कपड़ों के वितरण की सेवा जारी रही। मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल ने बताया कि अनोखे शहीद बाबा मोती राम मेहरा की शहादत की याद में सुबह चार बजे से हजूरी रागी भाई हरफूल, के नेतृत्व में दूध गर्म करके 5.30 बजे से सरकारी अस्पताल, झुग्गी झोपडियों व सडक किनारे फुटपाथ पर बैठे बेसहारा लोगों मे मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल, गुरमीत कौर, रानी बहन, कुलदीप कौर, लखविंदर कौर गिल्ल, सुखविंदर कौर, जसवीर कौर, गुरप्रीत कौर बेदी, अंकिता, बच्ची कीर्ति, गुरनूर गिल्ल, जसलीन गिल्ल, डॉ रजिंद्र सिंह भमरा, अमरजीत सिंह गिल्ल, जसकीरत सिंह सरपाल, जसकरन सिंह नागी, अमित मैहरा, जतिन खत्री गुलाब सिंह चानी, लवप्रीत सिंह, हरप्रीत भुल्लर, मिस्त्री हरपाल सिंह, और टैम्पू सेवा विक्की तिलक आदि सेवादारों ने सेवा सम्भाल की। और दूध सेवा रविवार व सोमवार को मनिंदर सिंह मान परिवार एवं मंगलवार से एस.के.डेयरी सुख दर्शन जी, रिछपाल सिंह बराड़, अनमोल फार्म फ्रैश, आदि और वीरवार को बेदी परिवार भाई रणजीत सिंह, परमजीत सिंह, जगमीत सिंह गुरप्रीत कौर समुह बेदी परिवार का दूध सेवा में सहयोग रहा।

# निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं के समाधान के लिए एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** जिले की निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं को लेकर एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हनुमानगढ़ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी शिक्षण संस्थानों ने आरटीई भुगतान, भौतिक सत्यापन, बजट आवंटन में देरी और अन्य मुद्दों पर तत्काल समाधान की मांग की।संगठन मंत्री राजेश मिड्ढा व प्राइवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने बताया कि आरटीई के अंतर्गत सत्र 2022-23 और 2023-24 का भुगतान राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। हालांकि, यह भुगतान वित्त विभाग में अटका हुआ है। ट्रेजरी कार्यालय ने लगभग तीन महीने पहले जयपुर स्थित वित्त विभाग को बिल प्रेषित कर दिया था, लेकिन अभी तक संस्थानों को भुगतान नहीं हुआ है। एसोसिएशन ने निजी स्कूलों की दयनीय आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इस भुगतान को तुरंत जारी करवाने की मांग की। तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह अक्कू व तहसील अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने कहा कि आरटीई के तहत भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को शीघ्र वेरीफाई किया जाए। यह सुनिश्चित करने से सत्र 2024-25 का भुगतान समय पर हो सकेगा। एसोसिएशन ने आग्रह किया कि एलिमेंट्री और माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में बजट आने के तुरंत बाद बिल तैयार किए जाएं ताकि भुगतान में अनावश्यक देरी से बचा जा सके और बजट लैप्स होने की स्थिति न बने। एसआरएस निजी शिक्षण संस्था संघ के जिला महासचिव भारत भूषण कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित योजनाओं, जैसे इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना और मुख्यमंत्री बालक निधि योजना के तहत पढ़ रहे बच्चों की फीस का भुगतान जल्द से जल्द कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलने से निजी शिक्षण संस्थाओं को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। नवीन मान्यता और भवन परिवर्तन से संबंधित नियमों में पूर्व की भांति शिथिलता प्रदान की जाए। इससे निजी शिक्षण संस्थानों को अनावश्यक बाधाओं से राहत मिल सकेगी। एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार और प्रशासन से अपील की कि निजी शिक्षण संस्थानों की इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर आरटीई भुगतान और अन्य राहत मिलने से न केवल संस्थानों को आर्थिक सहायता मिलेगी, बल्कि शिक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी।

# 'आनन्द का महासागर' का आयोजन 19 जनवरी तक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आनन्दम् फांउण्डेशन के तत्वावधान में अरोड़वंश स्कूल के पीछे तहसील कार्यालय के नजदीक स्थित मुकेश ऑडिटोरियम के ए.सी. हॉल में तीन दिवसीय मैडीटेशन कार्यक्रम 'आनन्द का महासागर' का आयोजन 17 से 19 जनवरी तक किया जा रहा है जिसका समय प्रतिदिन सुबह 9 से सांय 6 बजे तक होगा। मैडीटेशन शिविर फांउण्डेशन के संस्थापक स्वामी आलोक जी के सानिध्य में किया जा रहा है। स्वामी जी गोल्ड मैडलिस्ट इंजीनियर रहे हैं व 27 वर्ष इण्डियन रेलवे में सेवाएँ देकर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर पूरे विश्व में मैडीटेशन शिविर आयोजित कर आनन्द फांउण्डेशन के माध्यम से तीन दिवसीय वर्कशॉप लेते हैं। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने, अच्छी खान-पान की आदतों को अपनाकर शरीर को स्वस्थ रखने, पारिवारिक रिश्तों को आनंदपूर्ण बनाने की कला सिखाई जाती है। इसके साथ-साथ अवचेतन मन की शक्ति का जीवन के विकास में उपयोग करने की कला व नकारात्मक विचारों से मुक्ति पाने की कला, जीवन जीने की कला व कैरियर व बिजनेस में सफलता के कारगार सूत्र सिखाए जाएंगें। शिविर में भाग लेने रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं । कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन नाश्ता और दोपहर के भोजन की व्यवस्था शिविर स्थल पर रहेगी।

# जिला बहाली की मांग को लेकर व्यापारियों ने किया स्वैच्छिक बंद

● पेट्रोल पंप भी 3 घंटे रहे बंद

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** राजस्थान में अनूपगढ़ जिले को निरस्त किए जाने के विरोध में जिला बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर शुक्रवार को पूर्ण बंद का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं और पेट्रोल पंप भी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहे। 28 दिसंबर 2024 को राजस्थान सरकार द्वारा अनूपगढ़ जिले को निरस्त किए जाने के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बंद के दौरान सब्जी मंडी, ईट भट्ठा एसोसिएशन, बार संघ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जिला निरस्त होने से क्षेत्र का विकास रुक गया है। उनके अनुसार, पूर्व कांग्रेस सरकार के समय में जिला बनने के बाद विकास कार्य तेज गति से हो रहे थे। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने बताया कि अनूपगढ़ जिला बनने के सभी मापदंड पूरे करता था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जिला बहाल नहीं करती है तो सभी संगठनों के साथ मिलकर बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। समिति का कहना है कि जब तक जिला बहाल नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

## इमरान खान को 14 साल की जेल

जनमार्ग न्यूज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक कोर्ट ने शुक्रवार को अल कादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की सजा ऐलान कर दिया है। इमरान को 14 और बुशरा को 7 साल की सजा सुनाई गई है। दोनों पर राष्ट्रीय खजाने को 50 अरब पाकिस्तानी रूपए के नुकसान पहुंचाने का आरोप है। अल-कादिर ट्रस्ट केस में ही इमरान खान को 9 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मुल्क में फौज के कई अहम ठिकानों पर हमले हुए थे। गिरफ्तारी के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान खान अगस्त 2023 से अडियाला जेल में बंद हैं। उन्हें सजा सुनाने के लिए जेल में अस्थाई कोर्ट बनाया गया। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस केस में 4 अहम किरदार हैं। इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी, अरबपति लैंड माफिया मलिक रियाज और बुशरा की दोस्त फराह गोगी।

# टांटिया आयुर्वेद कॉलेज का कल्लरखेड़ा में चिकित्सा शिविर

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के श्रीगंगानगर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड हॉस्पिटल की ओर से पंजाब के गांव कल्लरखेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमे शल्य चिकित्सक ने बवासीर (पाइल्स), भगंदर (फिस्टुला) की जांच की एवं पंचकर्म विशेषज्ञ तथा महिला रोग विशेषज्ञों ने भी रोगियों को देखा। आयुर्वेद संकाय के प्राचार्य डॉ. सुभाष उपाध्याय ने बताया कि इसमें शिविर प्रभारी डॉ. निशांत कौशिक, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. मुकेश सागर, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. देवेंद्र सैनी, इंटर्न कशिश, नवभारत, निशा, चेल्सी, मोहम्मद रजा, सोहेल खान, दृष्टि, आरती, गौतम ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त 75 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें परामर्श दिया गया। गांव के सरपंच ने इस तरह के शिविर लगाकर सेवाएं प्रदान करने पर टांटिया समूह की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जन्मदिन मुबारक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जमींदारा ट्रेवल्स वाले अनिल पिंकी गुप्ता-कांता गुप्ता के दोहिते व आरूष-अलीशा के लाड़ले पुत्र रूद्र के प्रथम जन्मदिन पर पंकज गर्ग-अंजू गर्ग (दादा-दादी) (कालिंदी स्कूल वाले), एडवोकेट वरूण गुप्ता (मामा), ऋतिक गर्ग (चाचा) व समस्त गुप्ता तथा गर्ग परिवार के रिश्तेदारों, मित्रों व शुभचिंतकों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



# राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन का आगाज

● नई धानमंडी में उमड़ा हजारों शिक्षकों का सैलाब, शाम को होगा कवि सम्मेलन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का 61वां दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन की शुरुआत शुक्रवार सुबह सूरतगढ़ रोड स्थित नई धानमंडी में हुई। उद्घाटन सत्र का उद्घाटन ध्वजारोहण के साथ हुआ। संगठन के मीडिया प्रभारी राजू आनंद ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य वक्ता जय किसान आंदोलन के संस्थापक प्रो. योगेंद्र यादव भी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर नई धानमंडी में आज सुबह से मेले का सा माहौल बना रहा। सम्मेलन में कल तक प्रदेश भर से आए हजारों की संख्या में शिक्षकों का जमावड़ा रहेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, नगरपरिषद की पूर्व सभापति करूणा चांडक, वरिष्ठ शिक्षक नेत्री दुर्गा स्वामी सहित स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव चंद्र नवदीप भारती, माकपा के जिला सचिव वकील सिंह व श्रीगुरुनानक खालसा विधि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य चंद्रभानु त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग ने की।

**शाम को होगा कवि सम्मेलन**

सम्मेलन संयोजक भूप सिंह कूकणा व जिलाध्यक्ष राजेंद्र टाक ने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की समाप्ति के बाद शुक्रवार शाम साढ़े छः बजे कवि सम्मेलन होगा। जिसमें कवि संदेश त्यागी, अरुण शहैरिया, रूपसिंह राजपुरी, सुरेंद्र सुंदरम, कृष्ण कुमार आशू और रितु सिंह कविता पाठ करेंगे।

## जन्मदिन मुबारक

**पठानवाला।** स्थानीय निवासी जैस्मिन नायक के जन्मदिन पर मम्मी ममता पापा विनोद अठवाल दादी गिरदावरी देवी दादा कृष्ण लाल नायक ताया दीपक नायक ताई मंजू चाची प्रिया चाचा बीरबल अठवाल बहन निशा, सलोनी, उर्वशी भाई लोकेश, प्रतीक, सुशांत नाना भागीरथ सारसर 5 केएसडी (राय सिंह नगर) की तरफ से शुभकामनाएं।



**श्रीगंगानगर।** स्थानीय निवासी सचिन सचिन मजोका-काजल के पुत्र तेजस के दूसरे जन्मदिन पर साहबराम-आशा (दादा-दादी), रीतिका (बुआ), हर्षित (चाचा), हरिकेश (भाई) एवं समस्त मजोका परिवार, रिश्तेदार एवं शुभचिंतकों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



# पीएचईडी ठेकेदार पदमचंद जैन को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाला मामले में हाई कोर्ट ने पीएचईडी ठेकेदार और मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल के संचालक पदमचंद जैन को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बैंच ने पदमचंद जैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जिस मंत्री (तत्कालीन पीएचईडी मंत्री महेश जोशी) को फायदा पहुंचाने के लिए लेन-देन की बात कही गई है। ईडी ने उसे ही मामले में आरोपी नहीं बनाया हैं। पदमचंद जैन को ईडी ने 13 जून को 2024 को गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर करते हुए कहा था कि मामले में सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी हैं। ट्रायल में लंबा समय लगेगा। ऐसे में जमानत पर रिहा किया जाए।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले 12 आरोपी गिरफ्तार

● वाहन की सर्विस करने के नाम पर बनाते थे शिकार

जनमार्ग न्यूज




**जोधपुर।** फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कॉल सेंटर से लड़कियों को भी पकड़ा गया है। वहीं मुख्य सरगना से पूछताछ की जा रही है। आरोपी वाहन की सर्विस करने के नाम पर लोगों को शिकार बनाते थे। झांसे में आने वाले वाहन मालिक और ड्राइवर से मेंबरशिप कार्ड के नाम पर पैसे लेते थे। कॉल सेंटर पिछले कई महीनों से चल रहा था। जोधपुर के कुड़ी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने 9 सेक्टर में गुरुवार सुबह के समय दबिश देकर रणबंका होटल के सामने एक किराए के मकान में चल रहे कॉल सेंटर पर दबिश दी। मौके पर कंप्यूटर पर युवतियां काम करते हुए मिली। पुलिस ने मामले में सुमेरचंद (25) उर्फ सौरभ कंडारा पुत्र सुरेंद्र कुमार वाल्मीकि निवासी बी जैन कॉलेज के सामने पंचोला नाडी हरिजन बस्ती, हाल निवासी 9/305 कुड़ी भगतासनी, जगदीश पुत्र दमाराम जाट (30) निवासी छतरपुर सुवालिया पुलिस थाना शेरगढ़ हाल निवासी 8जे48 कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, लक्ष्मी (22) पुत्री भोलाराम सुथार निवासी 7जी89 कुड़ी, लक्षिता (23) पुत्री नवरतन कुमावत निवासी 6जे125, कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, संजू (28) पत्नी अमित यादव निवासी 2/1480 कुड़ी, भावना (25) पुत्री मानकचंद मेवाडा निवासी 1ए276 कुड़ी, सोनिया (27) पुत्री ओमप्रकाश वाल्मीकि निवासी सरकारी क्वार्टर सांगरिया, पूजा भील (29) पत्नी चंपालाल सिसोदिया, निवासी 59 आनंद नगर कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, प्रियंका (22) पुत्री राजेंद्र मेवाड़ा निवासी 2/122 कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, पूनम कड़ेला (25) पुत्री बाबूलाल निवासी 15एफ 3 कुड़ी हाउसिंग बोर्ड, मनीषा (22) पुत्री मनीराम मेघवाल निवासी 8एच252 कुड़ी, रिया (23) पत्नी प्रमोद सिंह राजपूत निवासी 4 ढ्ढ 13 कुड़ी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर को गिरफ्तार किया।

## अमित स्वामी ने नर्सिंग ऑफिसर पद किया ज्वाइन



जनमार्ग न्यूज

**समेजा कोठी।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेजा में अमित कुमार स्वामी ने नर्सिंग ऑफिसर के पद पर ज्वाइनिंग किया है। अमित कुमार स्वामी काफी समय से स्वास्थ्य सेवा विभाग में 108 के जरिए जुड़े हुए थे। आपको बता दें कि अमित स्वामी पूर्व डायरेक्टर स्वर्गीय दुर्गा स्वामी पत्नी स्वर्गीय मोहनलाल स्वामी के सुपुत्र हैं। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने अमित कुमार स्वामी को शुभकामनाएं दी हैं।

# सीआई बिश्नोई के स्थानांतरण पर विदाई पार्टी का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**समेजा कोठी।** सीआई विकास विश्नोई का स्थानांतरण होने पर स्टाफ ने विदाई पार्टी का आयोजन किया।विदाई पार्टी के अवसर पर ग्रामीणों को भी आमंत्रित किया गया व प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया। हम आपको बता दें कि सीआई विकास विश्नोई का क्षेत्र में काम प्रशंसनीय रहा है।नशे पर लगातार कार्यवाही कर नशे के सौदागरों पर पूरी तरह नकेल कसी।वहीं सीआई विकास विश्नोई का व्यवहार आमजन के साथ स्नेहमयी रहा जिससे आमजन का लगाव उनके प्रति काफी रहा। विदाई पार्टी में पहुंचे नागरिकों ने थाना अधिकारी को स्मृति स्वरूप गिफ्ट दिए। मौके पर सीआई ने स्टाफ में से स्थानांतरित हुए जवानों को स्मृति स्वरूप गिफ्ट भेंट किए। सीओ अनु विश्नोई व कांस्टेबल जितेंद्र बागड़ी ने भी थाना अधिकारी को स्मृति स्वरूप गिफ्ट भेंट किया। थानाधिकारी विकास विश्नोई ने एक साल में नशे पर लगातार कार्यवाही की। वर्ष 2024 में एनडीपीएस के 21 प्रकरण दर्ज कर लगभग 75 करोड़ रुपयों के नशे के कारोबार का भंडाफोड़ किया। विकास विश्नोई ने जनता के साथ अच्छा समन्वय व पुलिस के प्रति जनता में विश्वास कायम कर नशे पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाई। क्षेत्र के लोगों ने विदाई पार्टी के समय सीआई को नशे पर प्रभावी कार्यवाही करने पर आभार जताया। विकास विश्नोई ने भी सभी ग्रामीणों को प्यार व स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया है।

## श्रीगंगानगर में श्रीमसाला उपलब्ध

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** रसोई की पहली पसंद मसाला अब श्रीगंगानगर में उपलब्ध हो गया है। मसाला के हल्दी, मिर्च, धनिया, गर्म मसाला, और साबुत जीरा एवं कसूरी मेथी उच्च क्वालिटी में मिलते हैं। इसकी सप्लाई जिला मुख्यालय पर कस्बों, गली-मोहल्लों में उपलब्ध है। जिला कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त गोपाल खड़वागत द्वारा शुरु किए गए इस उत्पाद की शुरुआत की गई है।

# महिलाओं से मारपीट कर छीने गहने

जनमार्ग न्यूज




**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में पानी की बारी को लेकर हुए विवाद में एक परिवार के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना 2 जनवरी की सुबह की है। सर्वजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने टहल सिंह को चक 3 जेआरके में भूमि ठेके पर दिलवाई थी। सुबह 5.47 से 8.31 बजे तक उनकी पानी की बारी थी और वे अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान टहल सिंह, उनका पुत्र नाजम सिंह और राकेश कुमार वहां पहुंचे। टहल सिंह ने ठेके की जमीन के लिए सर्वजीत के हिस्से की पानी की बारी मांगी, जिसे उन्होंने मना कर दिया। इस पर टहल सिंह और नाजम सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर सर्वजीत की मां जसपाल कौर और पत्नी संदीप कौर मौके पर आई। टहल सिंह ने जसपाल कौर के कंधे पर लाठी से वार किया और संदीप कौर के साथ हाथापाई कर उनके गले की सोने की चेन और एक बाली छीन ली। आरोपियों ने इसके बाद पानी की बारी राकेश कुमार के खेत में लगा दी। पीड़ित परिवार ने जसपाल कौर का इलाज राजकीय जिला चिकित्सालय में करवाया। पुलिस ने मामले की जांच एएसआई मुसे खान को सौंप दी है।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से हो रहे युवाओं के सपने साकार

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना राज्य के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। यह योजना न केवल युवाओं को रोजगार के योग्य बना रही है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रही है। आरएसएलडीसी के नेतृत्व में इस योजना के तहत राजस्थान के कोने-कोने में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्रों के अनुरूप आधुनिक और प्रासंगिक कौशलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह योजना राज्य के युवा वर्ग के लिए रोजगार के बेहतर अवसर खोलने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

एसएलडीसी द्वारा इस योजना में भाग लेने वाली एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड निर्धारित किए गए हैं। एजेंसियों के औसत वार्षिक टर्नओवर और सक्रिय कौशल विकास केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही, ग्रीन जॉब्स (पर्यावरण संबंधित नौकरियां), फ्यूचर स्किल्स (भविष्य के कौशल), टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी (पर्यटन और आतिथ्य), हैंडीक्राफ्ट्स (हस्तशिल्प) और फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) जैसे उभरते क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह सुनिश्चित किया गया है कि केवल वही एजेंसियां आवेदन करें, जो इन क्षेत्रों में गहन अनुभव रखती हों और उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग प्रदान कर सकें।

इस योजना के तहत प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की मॉनिटरिंग आईपी कैमरों के माध्यम से की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी केंद्रों में गुणवत्ता वाली शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। यह मॉनिटरिंग सिस्टम एसएलडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हर एक युवा को बेहतरीन प्रशिक्षण मिले और वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकें। कौशल विकास योजना के तीन प्रमुख कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जेकेवीएलके के तहत 223 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है और योजना का लक्ष्य 30000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। सक्षम के लिए 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसका उद्देश्य 12000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। समर्थ में 241 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 159 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसके तहत 8000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है।

# बाबा दीपसिंह जी का जन्मदिहाड़ा 26 को



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बाबा दीप सिंह जी शहीद के जन्म दिहाड़े के सबंध में संगतों को उत्साह अभी से चरमसीमा पर है। संगतों में मीटिंगों का दौर शुरू हो चुका है। हर कोई श्रद्धा के तहत इस दिहाड़े मनाने के लिए अपने अपने स्तर पर मशगूल हो गया है। गुरद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद में आज नई कार्यकरणी की मीटिंग हुई। जिसके तहत 26 जनवरी रविवार को शाम 5 बजे समागम की आरंभता होगी। 5 से 9 बजे तक चौपहिरा समागम होगा। 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक संत बाबा सुखदेव सिंह जी भुच्चो वाले व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई बलबीर सिंह जी चंडीगढ़ वाले कथा कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। समाप्ति पर भव्य आतिशबाड़ी की जाएगी। बाबा दीप सिंह जी के जन्म दिहाड़े की पूर्व संध्या 25 जनवरी शनिवार को शाम 4 बजे विशाल संध्या फेरी निकाली जाएगी। मिसल भाई सुक्खा सिंह भाई महिताब सिंह के प्रमुख सेवादार बाबा बलबीर सिंह व बाबा सिमरन सिंह की अगवाई में घुड़सवार निहंग सिंह जहां इस संध्या फेरी में घुड़सवारी के जौहर दिखाएंगे वहीं नरसिंघे,धौंसों और नगारों की गूंज के साथ संगतों का काफिला सारे वातावरण को आनंदमई कर देगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692